Postal Regn No./C.G./RYP DN/48/2022-24 website- www.dvpnews.in रायपुर (छ.ग.) एवं झांसी (उ.प्र.) से एक साथ प्रकाशित राष्ट्रीय हिन्दी पत्र

दैनिक विश्व परिवार

● अंक : 270 ● वर्ष : 11 ● रायपुर, मंगलवार 23 अप्रैल 2024 ● पृष्ठ : 08 ● मूल्य : 3 रूपए ● संस्थापक : कीर्तिशेष- श्री कैलाश चन्द्र जैन

सुविचार

शास्त्र को शास्त्र ही रहने दो, उसका उपयोग शस्त्र के रूप में मत करों।
Let the shastra the shastra, not use it as a weapon.
आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज

भारत तकनीकी और दवाओं सहित सभी क्षेत्रों में आत्मनिर्भर बन चुका है : जेपी नड्डा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की सरकार विकासवाद की नीति पर चल रही है

कांग्रेस के घमंडिया गठबंधन दलों के सभी भ्रष्टाचारी एक साथ हैं, इन्हें उखाड़ फेंकना है

रायपुर/भिलाई (आरएनएस)। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि सबका साथ-सबका विश्वास-सबका विश्वास के मूल मंत्र पर प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी का लक्ष्य है कि 2029 तक भारत को विश्व की तीसरी अर्थवव्यवस्था बनाना है और 2047 तक भारत को एक विकसित देश बनाने का संकल्प लिया है। इसी अवधारणा को लेकर भारत आज विकास के हर क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है। इसके साथ ही जो सामाजिक विसंगतियां थी, उन्होंने दूर किया। श्री जेपी नड्डा जी ने कहा कहा तीन तलाक को समाप्त कर महिलाओं को न्याय देने का काम किया। पाकिस्तान, अफगानिस्तान, ईरान, इराक जैसे इस्लामिक देश में तीन तलाक का कानून नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा इसे हटाओ लेकिन कांग्रेस ने हिम्मत नहीं थी। मोदी जी ने अपने मजबूत इरादे से इसे समाप्त कराया। इस्लामिक देश में तीन तलाक नहीं है, आपके एक वोट ने तीन तलाक खत्म करा दिया।

भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि बांग्लादेश, पाकिस्तान सहित जो दूसरे देशों से शरणार्थियों को अब भारत में नागरिकता का अधिकार मिल रहा है। पहले देश में जाति और धर्म के नाम राजनीति होती थी। लेकिन आज प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी सरकार विकासवाद की नीति पर चल रही है। कांग्रेस के लोग पहले जाति देखते थे, पिछड़ा है कि अगड़ा है, पहाड़ी क्षेत्र का है कि मैदान का है। किस धर्म का हैं? भाई-भाई को लड़ाने का काम कांग्रेस ने किया। मोदी जी ने राजनीति की परिभाषा, तौर-तरीके बदल डाला। उन्होंने सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास पर काम कर रही है। मोदी की सरकार ने युवाओं, महिलाओं, गरीबों, किसानों की सरकार है। मोदी जी ने कहा था, मेरी सरकार युवाओं, महिलाओं, गरीबों, किसान, है। आज पूरे देश में विकास हो रहा है। गांव एक दूसरे गांव से सड़कों के माध्यम से जुड़ गए हैं। गरीबों को मुफ्त चावल देने का काम अगर कोई किया तो वह प्रधानमंत्री ने किया। गरीब कल्याण योजना के तहत लाभ मिल रहा है। आज मोदी की योजना के चलते 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर निकल गए हैं। भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि आज पीएम आवास के तहत 4 करोड़ गरीबों को आवास दिए। पक्के मकान बनाकर मोदी की सरकार ने दिए है। जेपी नड्डा ने कांग्रेस की भूपेश सरकार की अर्कमण्यता और भ्रष्टचार पर हमला बोलते हुए कहा कि यहां छत्तीसगढ़ में यही भूपेश बघेल की सरकार थी तो 18 लाख गरीबों को पीएम आवास योजना को इसलिए बंद कर दिया था कि वह प्रधानमंत्री मोदी जी की योजना थी। लेकिन जैसे ही आज हमारी सरकार ने फिर से पीएम आवास से पीएम आवास योजना के तहत गरीबों को आवास दिया। प्रधानमंत्री जी का संकल्प है कि 3 करोड़ और गरीबों को पीएम आवास दिया जाएगा। देश में 3 करोड़ दीदियों को लखपति बनाएंगे। कहा, किसान सम्मान निधि योजना अगले 5 साल तक चलती रहेगी। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी पीएम सूर्य घर योजना के तहत लोगों को मुफ्त में बिजली मिलेगी।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज आएंगे छत्तीसगढ़

रायपुर (आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार 23 और बुधवार 24 अप्रैल को छत्तीसगढ़ दौरे पर आ रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी मंगलवार शाम 06-08 बजे के बीच माना विमानतल से फुण्डहर चौक एक्सप्रेस वे होकर शंकर नगर चौंक से भगत सिंह चौंक जी.ई रोड होकर राजभवन पहुंचेगे। रात में वे राजभवन में रात्रि विश्राम करेंगे।

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार दिनांक 24 अप्रेल को सुबह 08-10 बजे के मध्य इसी मार्ग से वापस माना विमानतल जायेंगे। इस दौरान व्हीव्हीआई मार्ग में सामान्य आवागमन बाधित रहेगा साथ ही राम मंदिर से माना विमानतल तक व्हीआईपी रोड में भी सामान्य आवागमन बाधित रहेगा। माना विमानतल जाने के लिए पचपेड़ीनाका चौक से धमतरी रोड होकर माना कैम्प से पुराने टर्मिनल में अपना वाहन पार्क कर विमानतल में प्रवेश कर सकेंगे। जी.ई. रोड से सेरीखेड़ी होकर नया रायपुर प्रवेश मार्ग से जैनम भवन मार्ग से पुराना टर्मिनल में अपना वाहन पार्क कर विमानतल में प्रवेश कर सकेंगे। इसके साथ ही दिनांक 23 अप्रैल 2024 को पीएम मोदी राजभवन में रात्रि विश्राम कार्यक्रम के दौरान इस सुरक्षा व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए शाम 04 बजे से 24 अप्रैल सुबह 10 बजे तक राजभवन के आसपास चारों ओर सामान्य आवागमन बाधित रहेगा. जिसमें- कालीमाता मंदिर तिराहा से राजभवन की ओर, खजाना चौक से राजभवन की ओर, पुराना पीएचक्यू तिराहा से राजभवन की ओर, बिजली आफिस तिराहा से राजभवन की ओर, बंजारी चौक से राजभवन की ओर आवागमन बंद रहेगा।

यातायात विभाग ने की अपील करते हुए कहा गया कि, प्रधानमंत्री के आवागमन के दौरान सुरक्षा के दृष्टिकोण से व्हीआईपी रूट एवं शहर के विभिन्न मार्गों में यातायात बाधित रहेगी। कृपया असुविधा से बचने के लिए अन्य वैकल्पिक मार्गों का उपयोग कर सुगम, सुरक्षित आवागमन करें।

कांग्रेस को सिर्फ वोट बैंक की चिंता : अमित शाह

नक्सली हिंसा छोड़ मुख्यधारा में लौटें : केंद्रीय गृहमंत्री

कांकेर-रायपुर (आरएनएस)। लोकसभा चुनाव में भाजपा के पक्ष में प्रचार करने कांकेर पहुंचे देश के गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि भाजपा देश के कई राज्यों से नक्सलवाद का खात्मा कर चुकी है। दो से तीन सालों में छत्तीसगढ़ से भी नक्सलवाद को खत्म कर देंगे। उन्होंने माओवादियों से कहा कि वे हिंसा का रास्ता छोड़कर मुख्यधारा में शामिल हो वरना हिंसा का अंजाम सदैव बुरा ही होता है। उन्होंने कहा कि मोदी जी ने 200 करोड़ रुपयों से 10 आदिवासी संग्रहालय स्वतंत्रता सेनानियों के बनाए हैं।

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने आगे कहा कि कांग्रेस को वोटबैंक की चिंता है। इसलिए इनके नेता रामलला की प्राण प्रतिष्ठा में भी नहीं पहुंचे। ये सिर्फ वोटबैंक की राजनीति करते हैं। भाजपा के कार्यकाल में बड़े-बड़े फैसले लिए गए जो 70 सालों में नहीं लिए गए। आतंकवाद को समाप्त किया। कश्मीर से धारा 370 हटाया। देशभर से नक्सलवाद को खत्म किया अब छत्तीसगढ़ से नक्सलवाद को समाप्त करेंगे।

भूपेश बघेल और राहुल बाबा दोनों ने 24 हजार करोड़ बजट आदिवासियों के लिए रखा था, नरेंद्र मोदी ने 1 लाख 24 करोड़ करने का काम किया। शाह बोले- वोट बैंक के कारण कांग्रेस के नेता रामलला की प्राण प्रतिष्ठा में शामिल नहीं हुए। 3 महीने में जो जनकल्याणी योजनाओं को पूरा करने का अंतर पूरे देश में किसी सरकार ने किया है तो उसका अंतर आपके सामने है। कांग्रेस ने राम मंदिर निर्माण को लटका कर रखा। कांग्रेस ने राम मंदिर निर्माण को लटका कर रखा। राहुल बाबा से पूछना चाहता हूं 4 दश्कुाक तक छत्तीसगढ़ के गरीबों के लिए क्या किया हमने आतंकवाद खत्म किया अब नक्सलवाद समाप्ति के कगार में है। विष्णुदेव साय की सरकार में 90 से नक्सलवादियों मार गिराया, 123 गिरफ्तार हुए और 250 लोग सरेंडर किया। हम सब के अपने जीवन में 17 को देश ने एक दृश्य देखा 500 वर्षो बाद भगवान राम लला ने अपने जन्मदिवस अपने मंदिर में मनाया।

डबल इंजन की सरकार को लोग स्नेह और आशीर्वाद दे रहे हैं : विष्णुदेव साय

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ समेत देशभर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने को लेकर अभूतपूर्व उत्साह है। मैं लगातार छत्तीसगढ़ की सभी 11 लोकसभा सीट का दौरा कर रहा हूं। शहर से लेकर दूरस्थ अंचल तक मोदी और उनकी अगुआई में चल रही डबल इंजन की सरकार को लोग अपना स्नेह और आशीर्वाद दे रहे हैं।

ये कहना है प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का। साय ने कहा कि मतदाता इस लोकसभा चुनाव में भाजपा को वोट करके विकसित भारत के निर्माण में अपनी भूमिका सुनिश्चित करना चाहते हैं। हमारे पास विश्व के सर्वाधिक लोकप्रिय नेता नरेंद्र मोदी का नेतृत्व है। केंद्र और राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाएं लोगों के जीवन स्तर में बदलाव लेकर आई हैं। हम छत्तीसगढ़ में सभी 11 लोकसभा सीट जीतकर भाजपा के अबकी बार 400 पार के नारे को सफल बनाएंगे।

भूपेश बघेल और कांग्रेस द्वारा सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच हो रही मुठभेड़ को फर्जी कहने पर मुख्यंत्री ने इसे कांग्रेस का चरित्र बताया। उन्होंने कहा कि नक्सल समस्या को लेकर कांग्रेस का हमेशा दोहरा चरित्र रहा है और उन्हें लगता है कि नक्सल समस्या के खात्मे के लिए पहले कांग्रेस को खत्म करना होगा। वो बोले हमारे वीर जवानों ने 16 अप्रैल को कांकेर के छोटेबेठिया क्षेत्रांतर्गत बिनागुंडा एवं कोरोनार के मध्य हापाटोला के जंगल में मुठभेड़ में 29 नक्सलियों को मार गिराया गया है। यह छत्तीसगढ़ में नक्सल विरोधी अभियान को मिली अब तक की सबसे बड़ी ऐतिहासिक सफलताओं में एक है। हमारे जवानों के इस पराक्रम पर गर्व की जगह कांग्रेस एनकाउंटर पर सवाल उठा रही है। नक्सलियों को शहीद बताने वाली कांग्रेस के हाथ नक्सलवाद के खून में रंगे हैं। मोदी जी जब से प्रधानमंत्री बने हैं, नक्सलवाद में कमी आई है। राज्य के एक छोटे से हिस्से में सिमटे नक्सलवाद को हम जड़ से उखाड़ फेंकने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

सीएम साय ने कहा कि कांग्रेस के लिए आदिवासी वोट बैंक हो सकते हैं, भाजपा के लिए वह परिवार हैं. आदिवासियों के विकास को लेकर यदि कोई दल प्रतिबद्ध है तो वह भारतीय जनता पार्टी है।

रेल सुरक्षा बल द्वारा ऑपरेशन अमानत के अंतर्गत इस वर्ष अभी तक 1 करोड़ 73 लाख रुपये से अधिक मूल्य का गुम हुआ सामान यात्रियों को वापस लौटाया

यात्री ऑपरेशन अमानत के जरिये अपना गुम हुआ 1098 सामान पुनः प्राप्त कर सके

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में 'ऑपरेशन अमानत' निरंतर जारी

रायपुर/बिलासपुर (विश्व परिवार)। भारतीय रेल में रोजाना करोड़ों लोग सफर करते हैं और अपने गंतव्य पर पहुंचते हैं। यह सभी वर्गों के यात्रियों का ध्यान रखते हुए उन्हें सर्वश्रेष्ठ सेवाएं प्रदान करती है। इस कड़ी में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे यात्रियों को सुविधाजनक, आरामदायक और सुरक्षित रेल सेवाएं देने के लिए सभी जरूरी कदम उठाती है। यात्रा के दौरान यात्री अपने सामान के साथ यात्रा करते हैं लेकिन कई बार या तो वे अपना सामान ट्रेन अपने सीट पर ही भूल जाते हैं या कई बार उनका सामान गुम हो जाता है। स्टेशन पर ट्रेन रूकते ही यात्री सबसे पहले अपने परिवार के लोगों को चढ़ाते या उतारते है। इसके बाद सामान को रखने की प्रक्रिया शुरू कर देते हैं, लेकिन जल्दबाजी में उनका कुछ सामान कभी-कभी ट्रेन या प्लेटफार्म पर छूट जाता है। इन समस्याओं के निवारण हेतु दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में 'आपरेशन अमानत' के तहत रेलवे सुरक्षा बल दिन-रात पूरी जिम्मेदारी के साथ अपने कर्तव्य का निर्वहन कर रही है।

रेलवे यात्रियों को उनके छूटे सामान को वापस करने के लिए रेल सुरक्षा बल, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवेनई पहल की है। यात्रियों का यदि कोई सामान ट्रेन में छूट जाता है तो रेलवे सुरक्षा बल उसे सुरक्षित स्थान पर रखती है। गुम हुये सामान के लिए यात्रियों को हेल्पलाइन नंबर 139 पर काल कर अपनी शिकायत दर्ज करानी होती है या स्टेशन पर संबन्धित कार्यालयों में अपनी समस्या दर्ज़ करनी होती है। रेलवे सुरक्षा बल के जवान सामान की रिकवरी कर सत्यापन के बाद सामान संबन्धित यात्री को वापस सौंपते हैं।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में इस वित्तीय वर्ष (अप्रैल-23 से मार्च-24 तक) रेल के सुरक्षा बल ने 'ऑपरेशन अमानत' के तहत 1098 यात्रियों को 2 करोड़ 13 हज़ार रुपये मूल्य के गुम हुये सामानों को वापस लौटाया है। इसके अंतर्गत बिलासपुर डिविजन में 516 यात्रियों को 67 लाख 21 हज़ार रुपये का, रायपुर डिविजन में 421 यात्रियों को 01 करोड़ 02 लाख 38 हज़ार रुपये का तथा नागपुर डिविजन में 161 यात्रियों को 43 लाख 56 हज़ार रुपये का छूटा हुआ सामान वापस लौटाया है।

इसके अतिरिक्त गुम हुए सामान के बारे में जानने के लिए सबसे पहले यात्री को दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रेलवे की वेबसाइट पर जाना होता है। इसके बाद 'Passenger and Freight Services' पर क्लिक करना होगा। अब यात्री को संबंधित रेल डिविजन पर क्लिक करना होगा, जिसके बाद यात्री को रेल सुरक्षा बल के पास के पास रखे हुए सभी सामान की डिटेल्स मिल जाएंगी। यात्री अपने सामान की पहचान कर संबंधित डिविजन के रेल सुरक्षा बल के कार्यालय से संपर्क करके अपना सामान वापस प्राप्त कर सकते हैं।

पीडियाट्रिक इमरजेंसी में नई तकनीक के अनुप्रयोग की आवश्यकता

एम्स रायपुर में तीन दिवसीय राष्ट्रीय कांफ्रेंस सम्पन्न, देशभर के चिकित्सकों को प्रशिक्षण

रायपुर (विश्व परिवार)। पीडियाट्रिक इमरजेंसी के मामलों में %प्वाइंट ऑफ केयर अल्ट्रासोनोग्राफी% (पोक्स) के बढ़ते अनुप्रयोग को लेकर अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में तीन दिवसीय राष्ट्रीय कांफ्रेंस संपन्न हुई। इस अवसर पर अल्ट्रासोनोग्राफी को इमरजेंसी के मामलों में अधिक से अधिक प्रयोग कर शीघ्र उपचार पर बल दिया गया।

एम्स के पीडियाट्रिक्स विभाग और छत्तीसगढ़ इमरजेंसी मेडिसिन एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कांफ्रेंस %इमरजेंसी मेडिसिन पीडियाट्रिक एडवांसेज एंड रिसेंट ट्रेंड्स% का उद्घाटन करते हुए कार्यपालक निदेशक लेफ्टिनेंट जनरल अशोक जिंदल (सेवानिवृत्त) ने कहा कि बच्चों का आपातकालीन परिस्थितियों में उपचार काफी चुनौतिपूर्ण होता है क्योंकि बच्चें अपनी परेशानियों को ठीक से प्रकट नहीं कर पाते। ऐसे में पीडियाट्रिक इमरजेंसी चिकित्सकों का महत्व बढ़ जाता है कि वे लक्षणों के आधार पर बच्चों को तुरंत उपचार प्रदान करें। उन्होंने इस दिशा में नई तकनीक के प्रयोग पर बल देते हुए कहा कि इसका प्रशिक्षण सुदूर क्षेत्रों में तैनात मेडिकल अफसरों को भी दिया जाना चाहिए जिससे वे तुरंत बच्चों को उपचार प्रदान कर सके। इससे तृतीयक स्तर पर स्थित चिकित्सा संस्थानों में रोगियों की संख्या कम हो सकेगी। उन्होंने बाल रोग विशेषज्ञों से सभी बच्चों को सुरक्षित जीवन प्रदान करने का आह्वान किया।

पीडियाट्रिक्स विभागाध्यक्ष प्रो. अनिल गोयल का कहना था कि पाक्स की मदद से बच्चों का उपचार अधिक प्रभावी और सटीक होता है। इससे रोग की सही पहचान करने में मदद मिलती है और तुरंत उपचार प्रारंभ किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि एम्स के पीडियाट्रिक्स विभाग में आपातकालीन चिकित्सा की सारी अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं।

एम्स के पीडियाट्रिक्स इमरजेंसी मेडिसिन विभाग में प्रतिदिन औसतन 30 बाल रोगी पहुंचते हैं। इनमें से अधिकांश बच्चे 14 वर्ष तक की आयु के होते हैं जिन्हें नेफ्रोटेक्सोसिटी, ट्रामा, जलने, दुर्घटनावश जहर खाने, कीड़ों के काटने, न्यूमोनिया और फेफड़ों में परेशानी की वजह से एडमिट किया जाता है। इनमें से 50 प्रतिशत को नियमित उपचार की जरूरत होती है।

कोर्स निदेशक डॉ. प्रेरना बत्रा का कहना था कि कांफ्रेंस की मदद से बाल रोग चिकित्सकों को नई तकनीक के बारे में जानकारी और प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस बार आयोजित 10वीं कांफ्रेंस में प्रदान किए गए प्रशिक्षण से चिकित्सक पीडियाट्रिक इमरजेंसी सेवाएं अधिक विशेषज्ञता के साथ प्रदान कर पाएंगे।

कांफ्रेंस में ट्रांसफ्यूजन, कार्डियक इमरजेंसी, रीनल प्रबंधन, जीवन रक्षक उपायों सहित कई प्रमुख विषयों पर व्याख्यान आयोजित हुए। इसमें प्रो. गोयल के साथ डॉ. अतुल जिंदल, डॉ. वरूण आनंद और डॉ. संतोष राठिया भी आयोजन समिति में शामिल थे।

रायपुर लोकसभा क्रमांक 08 आब्जर्वर रोहन चंद ठाकुर ने किया मतदान केंद्रों का निरीक्षण

रायपुर। रायपुर लोकसभा क्रमांक 08 आब्जर्वर रोहन चंद ठाकुर द्वारा आज ग्राम पंचायत निमोरा, बेन्द्री केन्द्री, अभनपुर एवं ठेलकाबांधा के मतदान केंद्र का निरीक्षण किया गया। उन्होंने सुगम मतदान के लिए ज़िला निर्वाचन अधिकारी के मार्गदर्शन में की गई व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली। इस दौरान अभानपुर अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) रवि सिंह सहित राजस्व अधिकारी कर्मचारी गण उपस्थित रहें।

कलिंगा विश्वविद्यालय में स्ट्रेस बस्टर इवनिंग जैमिंग सत्र का आयोजन सम्पन्न

रायपुर (विश्व परिवार)। कलिंगा विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण विभाग ने अपने छात्रावास के छात्रों के लिए इवनिंग जैमिंग सेशन का आयोजन किया, जिससे परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों को परीक्षा-तनाव से राहत मिली। इस कार्यक्रम को उल्लेखनीय प्रतिक्रिया मिली, जिसमें बड़ी संख्या में छात्रों ने सक्रिय रूप से भाग लिया और संगीत समारोह का आनंद लिया।

छात्र कल्याण प्रभारी अधिष्ठाता- लेफ्टिनेंट विभा चंद्राकर की विचारशील पहल के तहत, जैमिंग सत्र का उद्देश्य परीक्षा के दबाव और चिंता को कम करना था। कार्यक्रम के बारे में बोलते हुए, लेफ्टिनेंट विभा चंद्राकर ने कहा कि छात्रों को परीक्षा के दबावों के बीच ब्रेक लेना अत्यंत आवश्यक होता है। शाम के जैमिंग सत्र ने हमारे छात्रावास के छात्रों को आराम करने, मौज-मस्ती करने और संगीत के साथ जुड़ने का एक अवसर प्रदान किया।

शाम का मुख्य आकर्षण श्री अनुराग जेम्स (संगीत कलाकार) की मनमोहक संगीत प्रस्तुति थी, जिनके साथ प्रतिभाशाली छात्रों ने भी अपनी संगीत प्रतिभा का प्रदर्शन किया। भावुक गानों से लेकर फुट-टैपिंग तालों तक, प्रदर्शनकर्ताओं ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया और एक आनंद और एकजुटता का वातावरण बनाया। इस कार्यक्रम ने न केवल एक तनाव निवारक के रूप में कार्य किया, बल्कि छात्रों के बीच सामुदायिक भावना को भी बढ़ावा दिया, जिससे शैक्षणिक वातावरण में समग्र कल्याण के महत्व पर प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से कलिंगा विश्वविद्यालय के गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे, श्री अभिषेक शर्मा- निदेशक-मार्केटिंग, डॉ. लिन्सी रॉय- उप रजिस्ट्रार और मानव संसाधन प्रमुख, श्री राजेश सैनी- लेखा अधिकारी आदि उपस्थित थे।

पुलिस ऑब्जर्वर ने स्ट्रांग रूम एवं मतगणना स्थल का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

बलौदाबाजार (विश्व परिवार)। लोकसभा निर्वाचन 2024 अन्तर्गत जांजगीर चांपा एवं रायपुर लोकसभा क्षेत्र के लिए नियुक्त पुलिस ऑब्जर्वर आईपीएस श्री बिपिन शंकर राव अहिरे ने आज बलौदाबाजार के नवीन मंडी परिसर स्थित स्ट्रांग रूम, मतदान सामग्री वितरण एवं मतगणना स्थल का जायजा लिया। उन्होंने स्ट्रांग रूम की सुरक्षा के लिए तैनात सुरक्षाबलों, सीसीटीवी कैमरा, डबल लॉक इत्यादि की जानकारी लेते हुए जरूरी निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री के.एल.चौहान एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री सदानन्द कुमार भी साथ थे।

पुलिस आब्जर्वर ने विधानसभा वार बनाये गए मतगणना कक्ष का अवलोकन करते हुए टेबलों की संख्या, स्ट्रांग रूम से ईव्हीएम मशीनों को लाने की व्यवस्था, मतगणना अधिकारियों एवं मतगणना अभिकर्ताओं सहित मीडियाकर्मियों के प्रवेश की जानकारी ली। उन्होंने मतदान दलों के लिए मतदान सामग्री वितरण एवं संग्रहण व्यवस्था की भी जानकारी लेते हुए जरूरी निर्देश दिए है।

इसके साथ ही प्रेक्षक श्री अहिरे ने पार्किंग स्थल के लिए आराक्षित स्थलों का भी अवलोकन कर जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अविनाश ठाकुर, उप जिला निर्वाचन अधिकारी आर.आर. दुबे, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर अमित गुप्ता सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

साहित्यिक एवं सांस्कृतिक संस्था ऋचा का 45वें स्थापना दिवस पर हुआ भव्य आयोजन

रायपुर (विश्व परिवार)। शहर की बरसों पुरानी तथा जानी-मानी साहित्यिक एवं सांस्कृतिक संस्था ऋचा का 45वें स्थापना दिवस का भव्य आयोजन वृंदावन सभागार में किया गया। संस्थापिका स्व शांति यदु ने इस संस्था की स्थापना 1979 में बेहद अनूठे अंदाज में गृहणियों व कामकाजी महिलाओं को लेकर शुरू की, उनकी मेहनत रंग लाई, गृहस्थी के साथ-साथ महिलाओं ने लेखन, पठन-पाठन में रूचि दिखाई और जानी मानी लेखिका कवयित्री बनकर आज भी समाज में अपना विशिष्ट मुकाम बनाए हुए है। शांति यदु के जाने के बाद उनके पुत्र व पुत्रवधु ब्रिगेडियर प्रदीप यदु, मंजु यदु ने इस विरासत को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया, मनोयोग से यदु परिवार ने भी साथ दिया और अब संस्था 45 वर्ष पूरी कर पुष्पित पल्लवित हो रही है। संस्था में जाने माने शिक्षाविद डॉ चितरंजन कर, आचार्य अमरनाथ त्यागी, वरिष्ठ साहित्यकार सुरेंद्र रावल, के पी सक्सेना दूसरे, डॉ जे के डागर, राष्ट्रपति द्वारा पुरस्कृत आशामानव, चंद्रकला त्रिपाठी, लतिका भावे, चंद्रकांता अग्रवाल, शशि मिश्रा, डॉ मंजुलाहर्ष श्रीवास्तव, मधु सक्सेना, डॉ सीमा श्रीवास्तव, माधुरी कर, जयश्री शर्मा, साधना सक्सेना, नीता श्रीवास्तव, दिनेश गौतम, डॉ साधना कसार, किरणलता वैद्य, डॉ अमृता शुक्ला, सरोज दुबे, अनिल श्रीवास्तव जाहिद दिलीप वरवंडकर,

कोमल राठौर, शकुंतला तरार, प्रज्ञा त्रिवेदी, ईरा पंत, मीना शर्मा सदस्य आज भी सक्रिय हैं। शांति यदु के नाम व इंदु रावल के नाम हर वर्ष संस्था के एक-एक सदस्य को सम्मानित भी किया जाता है, इस वर्ष शांति यदु स्मृति सम्मान आचार्य अमरनाथ त्यागी और चंद्रकला त्रिपाठी को एवम् वर्षा रावल द्वारा इंदु रावल स्मृति सम्मान आशामानव को दिया गया।

संस्था की सचिव नीता श्रीवास्तव ने कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए मंच के प्रवाह हेतु संचालिका डा सीमा श्रीवास्तव जी को आमंत्रित किया तत्पश्चात अध्यक्ष लतिका भावे, कल्पना यदु, ब्रिगेडियर प्रदीप यदु ने द्वारा दीप प्रज्वलन करके मां शारदे का आव्हान किया गया। वीणापाणि की सुमधुर वंदना नन्हे कलाकार धैर्य त्रिपाठी ने प्रस्तुत की। संरक्षक ब्रिगेडियर प्रदीप यदु ने अपने उद्बबोधन में संस्था के क्रियाकलापों और आज के कार्यक्रम पर प्रकाश डाला। अध्यक्ष लतिका भावे जी ने स्वरचित गीत की पंक्तियों द्वारा सभी का स्वागत किया।

प्रथम प्रस्तुति डॉ मंजुलाहर्ष श्रीवास्तव द्वारा सितार वादन तबला रूपेन्द्र श्रीवास्तव की हुई। चंद्रकला त्रिपाठी द्वारा एकल नृत्य, नीलिमा मिश्रा द्वारा एकल अभिनय, एवं किरणलता वैद्य व ईरा पंत द्वारा किए गए नृत्य ने दर्शकों की भरपूर तालियां बटोरीं। मधु सक्सेना, नीता श्रीवास्तव, मंजु यदु, कल्पना यदु व मीना शर्मा द्वारा लघु नाटिका की प्रस्तुति ने सबको गुदगुदाया। तत्पश्चात सुमधुर गायकी के साथ गीत संगीत की छटा बिखेरी मनोहर ठाकुर व रितु श्रीवास्तव ने तो पूरा समां बांध दिया। वरिष्ठ लेखिका व्यंग्यकार डॉ सीमा श्रीवास्तव ने कार्यक्रम का शानदार संचालन कर ऊंचाईयाँ प्रदान की। कल्पना यदु ने आभार प्रेषित कर कार्यक्रम समापन की घोषणा की।

आदर्श आचरण संहिता के संबंध में बैठक/प्रशिक्षण आज

दुर्ग (विसं)। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र 07 दुर्ग के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक के द्वारा 23 अप्रैल को प्रातः 11 बजे कलेक्टोरेट सभाकक्ष दुर्ग में आदर्श आचरण संहिता के संबंध में बैठक का आयोजन किया गया है।

कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01, सिरपुर भवन, व्यवसायिक परिसर कबीर नगर, रायपुर
email Id- eocghbzone1@gmail.com

आम-सूचना

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा बिरंगाव कॉलोनी, रायपुर में निर्मित .... भवन योजना के अंतर्गत दुकानों/ भूखण्डों/ भवनों में से भूखण्ड/ भवन क्रमांक **SIHS-37 श्रीमती उषा नायर पति श्री आर.के. नायर** को भाड़ाक्रय/ पूर्णमूल्य आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा दिनांक 14/10/2004 को विक्रय विलेख निष्पादित कर लिया गया।

आबंटी उक्त भवन के विक्रय हेतु दिनांक 09/04/2024 को निष्पादित विक्रय इकरारनामा की छायाप्रति प्रस्तुत कर भवन **श्रीमती सोजा जॉनसन पति श्री जॉनसन थॉमस** के नाम से विक्रय करने के लिए विक्रय अनुमति की मांग की है।

अतः किसी भी व्यक्ति, शासकीय/ अर्द्धशासकीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/ भवन के विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में ींखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के **15 दिन** के अन्दर समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नहीं की जावेंगी।

सम्पदा अधिकारी,
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01
कबीर नगर, रायपुर

कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01, सिरपुर भवन, व्यवसायिक परिसर कबीर नगर, रायपुर
email Id- eocghbzone1@gmail.com

आम-सूचना

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा कॉलोनी वीरसावरकर नगर हीरापुर रायपुर में निर्मित L.I.G.-II योजना में से भवन/ भूखण्ड क्र. **L.I.G.-II-I/2195 श्री राजेश इश्वर मूर्ति पिता श्री रामन पिल्लई** को स्ववित्तीय/ एकमुश्त/ ऑफर आधार पर आबंटित/ नामांतरित किया गया है। उसके द्वारा दिनांक 06/11/2011 को लीजडीड/ सेलडीड/ विक्रय विलेख पंजीकृत करा लिया गया है। मूल आबंटी द्वारा उक्त भवन **श्रीमती अवन्ती दास पति श्री अरविन्द दास** के पक्ष में दिनांक 12/09/2014 को विक्रय कर दिया।

तद्उपरांत क्रेता द्वारा उक्त भवन/ भूखण्ड अपने नाम पर नामांतरण करने हेतु आवेदन पत्र, विक्रय विलेख की छायाप्रति, सहमति पत्र एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तुत दस्तावेज के आधार पर उक्त भवन/ भूखण्ड क्रेता **श्रीमती अवन्ती दास पति श्री अरविन्द दास** के नाम पर नामांतरण किया जाना है।

अतः किसी भी व्यक्ति शासकीय/ अर्द्धशासकीय/ वित्तीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/ भवन के नामांतरण के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन की तिथि से **15 दिन** के अन्दर स्वतः उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी एवं भवन का नामांतरण आदेश जारी कर दिया जावेगा।

सम्पदा अधिकारी,
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01
कबीर नगर, रायपुर

न्यायालय तहसीलदार खरोरा जिला रायपुर (छ.ग.)
रा0प्र0क्रं0/ ब/121/2023-24 ग्राम भरूवाडीहकला-33 रा0नि0म0 मोहरेंगा

// ईश्तहार //

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता आवेदक **मे. कंपनी कस्तुरी सीमेंट लिमिटेड** सत्ती बाजार रायपुर के द्वारा न्यायालय अपर कलेक्टर महोदय रायपुर के समक्ष आवेदन प्रस्तुत कर **ग्राम भरूवाडीहकला प0ह0नं0 33** में स्थित भूमि कुल खसा **42** कुल रकबा **22.653 हे0** भूमि आवेदित कपनी के नाम पर दर्ज है। जिसमे से ख0नं0 261/3, 300/6, 300/9, 300/13, 343/1, 354/1, 354/2, 355/1, 335/2, 357/1, 358, 312/1, 261/9, 314, 309/21, 308/1. 312/1 रकबा कमशः 2.023 0.214, 0.215, 0.284, 0.162, 0.267, 0.267, 0.156, 0.156, 1.910, 0.146, 0.133, 0.405, 0.283, 0.358, 0.141, 0.133 कुल रकबा 7.253 हे0 अपने भूमिस्वामी हक की भूमि को शासन को देकर को ग्राम भरूवाडीहकला में स्थित शासकीय भूमि 288, 287/1-2, 286/1-2, 286/3, 268/4 शामिल खसरा 287/1, 286/5, 285/1, 285/2, 290, 363/2 का भाग रकबा कमशः 0.636, 0.202, 0.295, 0.202, 0.534, 0.348, 0.405, 0.999, 0.453, 3.179 कुल रकबा 7.253 हे0 शासकीय भूमि तबादला प्राप्त करने आवेदन प्रस्तुत किया गया है जो कर प्रतिवेदन हेतु इस कार्यालय को प्राप्त हुआ है।

तत्संबध में जिस किसी व्यक्ति या सस्था को आपत्ति हो तो वे पेशी दिनांक **15-05-2024** को न्यायालयीन समय में मेरे समक्ष उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनाक 12-04-2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से ईश्तहार जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
खरोरा
जिला- रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-02, शंकर नगर रायपुर (छ.ग.), फोन नं.- 0771-4903223
Email Id: eocghbzone02@gmail.com

आम-सूचना

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि सामान्य आवास योजनान्तर्गत **शंकर नगर,** रायपुर में स्थित भवन **क्र.-एम.आई.जी.-26**, सेक्टर-02, **श्री जतिन्दर सिंह पिता श्री जगजीत सिंह** को इस कार्यालय के नामांतरण आदेश क्र.- **2790-95** दिनांक **08.04.1987** के माध्यम से नामांतरित किया गया है। तद्उपरांत इस कार्यालय के पत्र क्र. **1004** दिनांक **28.02.1997** द्वारा विक्रय अनुमति प्राप्त कर उक्त भवन को नामांतरी **श्री जतिन्दर सिंह पिता श्री जगजीत सिंह,** निवासी- द्वारा **श्री रमिन्दर सिंह,** स्टेडियम के पास, राजनांदगाव, जिला- राजनांदगांव (छ.ग.) के द्वारा क्रेता **श्रीमती प्रीतिबाला श्रीवास पति स्व. जगदीश प्रसाद श्रीवास,** निवासी- एम.आई.जी.-41, सेक्टर-02, शंकर नगर, रायपुर, तह. व जिला-रायपुर (छ.ग.) के नाम पर दिनांक **03.04.1997** को विक्रय विलेख के माध्यम से विक्रय कर दिया गया है। क्रेता **श्रीमती प्रीतिबाला श्रीवास पति स्व. जगदीश प्रसाद श्रीवास** द्वारा इस कार्यालय में उक्त भवन को अपने नाम पर नामांतरण करने हेतु आवेदन पत्र, पंजीकृत विक्रय विलेख की छायाप्रति एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है। उक्त दस्तावेज के आधार पर उपरोक्त भवन को क्रेता **श्रीमती प्रीतिबाला श्रीवास पति स्व. जगदीश प्रसाद श्रीवास** के नाम पर नामांतरण किया जाना है।

अतः उक्त भवन के नामांतरण के संबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के **15 दिवस** के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

सम्पदा अधिकारी,
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-02, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-8)
मोहबा बाजार, रायपुर
E-mail ID - rmczone8@gmail.com

पत्र क्र. /10778/ न.पा.नि./जोन क्र.-8/2024
रायपुर, दिनांक 22-04-2024

इश्तिहार

नामांतरण प्र.क्र. 10778
वार्ड का नाम- 69 - माधवराव सप्रे वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 69 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR568C0964E** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **NARESH KUMAR SAHU** पिता/पति, श्री/श्रीमती **AVADH RAM SAHU** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **PINKY NAYAK** पिता/पति, श्री/श्रीमती **HEMANT NAYAK** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-

श्री अरूण ध्रुव
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक- (8)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-8)
मोहबा बाजार, रायपुर
E-mail ID - rmczone8@gmail.com

पत्र क्र. /10831/ न.पा.नि./जोन क्र.-8/2024
रायपुर, दिनांक 22-04-2024

इश्तिहार

नामांतरण प्र.क्र. 10831
वार्ड का नाम- 2 - पं. जवाहर लाल नेहरू वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 2 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR802K0851A** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **GAYTRI SAHU** पिता/पति, श्री/श्रीमती **VINOD SAHU** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **SHAKUNTALA TODARE** पिता/पति, श्री/श्रीमती **NEMICHAND TODARE** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-

श्री अरूण ध्रुव
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक- (8)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-8)
मोहबा बाजार, रायपुर
E-mail ID - rmczone8@gmail.com

पत्र क्र. /10829/ न.पा.नि./जोन क्र.-8/2024
रायपुर, दिनांक 22-04-2024

इश्तिहार

नामांतरण प्र.क्र. 10829
वार्ड का नाम- 2 - पं. जवाहर लाल नेहरू वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 2 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR802K01335** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **ALKA NAIDU** पिता/पति, श्री/श्रीमती **KAILASH NAIDU** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **AJEET NAIDU** पिता/पति, श्री/श्रीमती **Y.B.G. NAIDU** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-

श्री अरूण ध्रुव
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक- (8)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-8)
मोहबा बाजार, रायपुर
E-mail ID - rmczone8@gmail.com

पत्र क्र. /10826/ न.पा.नि./जोन क्र.-8/2024
रायपुर, दिनांक 22-04-2024

इश्तिहार

नामांतरण प्र.क्र. 10826
वार्ड का नाम- 2 - पं. जवाहर लाल नेहरू वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 2 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR802I00061** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **ANISHA BEG** पिता/पति, श्री/श्रीमती **BAHADUR KHAN** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **KUNTI DAS** पिता/पति, श्री/श्रीमती **DAMAL DAS** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-

श्री अरूण ध्रुव
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक- (8)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे
ई-निविदा सूचना

1. निविदा सूचना सं.: ई-आर-टी-19-24-25
दिनांक: 17.04.2024
कार्य का नाम: 1) रायपुर मंडल के बीएमवाई में इलेक्ट्रिकल (ओपी) प्रशिक्षण स्कूल और छात्रावास के रूप में उपयोग किए जाने वाले पुराने प्रशिक्षण स्कूल का नवीनीकरण। **2)** रायपुर और बीएमवाई में रनिंग रूम का विस्तार। **निविदा मूल्य:** ₹ 1,39,61,121/-, **ईएमडी:** ₹ 2,19,800/-

2. निविदा सूचना सं.: ई-आर-टी-20-24-25
दिनांक: 17.04.2024
कार्य का नाम: 1) डीजल लोको शेड, रायपुर में इलेक्ट्रिक इंजनों की होमिंग के लिए बुनियादी ढांचे और परीक्षण सुविधाओं का निर्माण। **2)** डीआरएम कॉम्प्लेक्स, रायपुर के बैलेंस हिस्से में एयर कंडीशनिंग सिस्टम का प्रावधान। (केवल सिविल भाग)। **निविदा मूल्य:** ₹ 1,72,22,036/-, **ईएमडी:** ₹ 2,36,100/-

3. निविदा सूचना सं.: ई-आर-टी-21-24-25
दिनांक: 17.04.2024
कार्य का नाम: दुर्ग-दल्ली राजहरा खंड में कि.मी. 896/8-9 पर मानवयुक्त समपार संख्या डीडी-27 को बंद करने के लिए सड़क के नीचे पुल का प्रावधान। **निविदा मूल्य:** ₹ 4,33,02,744/-, **ईएमडी:** ₹ 3,66,500/-

निविदा प्रस्तुत करना: दिनांक **16.05.2024** के **11:00** बजे तक, **निविदा खोलना:** दिनांक **16.05.2024** के **11:00** बजे।

विस्तृत विवरण/निविदा दस्तावेज की खरीद, पात्रता मानदंड एवं उपरोक्त कार्य के पूर्ण विवरण हेतु कृपया वरिष्ठ मंडल इंजिनियर (समन्वय), एस.ई.सी रेलवे, रायपुर के कार्यालय से संपर्क करें अथवा हमारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध निविदा दस्तावेजों का अवलोकन/डाउनलोड करें।

मंडल अभियंता -II
द.पू.म. रेलवे, रायपुर
PR/R/ENGG/FL/014
South East Central Railway @secrail

फर्म विघटन सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि फर्म **M/S SAI BRICS AND PEVAR,** मंदिर हसौद, जिला- रायपुर छ.ग. पंजीयन क्रमांक 10/09-10 पंजीयन दिनांक 13/04/2009 के गठन उपरांत फर्म **M/S SAI BRICS AND PEVAR** का दिनाकं 16/03/2024 को फर्म का विघटन किया गया है, जिनमें **श्री लव कुमार श्रीवास्तव, श्री कुश कुमार श्रीवास्तव एवं प्रमोद कुमार श्रीवास्तव सभी पिता/निवासी- श्री शरद कुमार श्रीवास्तव,** पता-श्याम नगर, इंदिरा नगर, तह. व जिला- रायपुर छ.ग. शामिल है।

अतएव सूचना जानें।

M/S SAI BRICS AND PEVAR

केंद्रीय विद्यालय गोपालपुर में आयोजित हुए मतदाता जागरूकता कार्यक्रम

निबंध लेखन, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में विद्यार्थी बने प्रतिभागी

कोरबा(विश्व परिवार)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अजीत वसंत के निर्देशन एवं स्वीप नोडल अधिकारी श्री संबित मिश्रा के मार्गदर्शन में लोकसभा निर्वाचन 2024 के दौरान शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के युवा, बुजुर्ग, महिला, पुरूष सहित स्कूल-कॉलेजों के सभी छात्र- छात्राओं को मतदान के प्रति जागरूक करने हेतु नुक्कड़-नाटक, रैली, नारा-लेखन, निबंध, भाषण, मेहंदी प्रतियोगिता, पोस्टर निर्माण जैसे अनेक कार्यक्रमों के माध्यम से शत-प्रतिशत मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। इसी कड़ी में प्राचार्य श्रीमती संध्या लकड़ा के मार्गदर्शन में केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 04 गोपालपुर में सुव्यवस्थित मतदाता एवं निर्वाचन सहभागिता कार्यक्रम (स्वीप) के अंतर्गत छात्र-छात्राओं के लिए निबंध लेखन, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई। स्वीप प्रभारी श्री अमित कुमार पाण्डेय ने बताया कि स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता के लिए विद्यालय में 09 अप्रैल से 24 अप्रैल तक विभिन्न प्रतियोगिता एवं गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। आज संपन्न हुई प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर टैगोर सदन व द्वितीय स्थान पर रमन सदन रहा। इसी प्रकार 'लोकतंत्र की मजबूती मतदान जरूरी' विषय पर आयोजित निबंध लेखन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर मयंक खोसले, द्वितीय स्थान पर भूमि वर्मा एवं तृतीय स्थान पर शुभम पाटले रहे। विगत दिवसों में मतदाता जागरूकता गतिविधियों के तहत विद्यालय में छात्र-छात्राओं द्वारा रंगोली प्रतियोगिता, पोस्टर बनाओ प्रतियोगिताओं में भाग लेकर उत्साह पूर्वक प्रदर्शन किया गया। शासकीय हाई स्कूल स्याहीमूड़ी में स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्राचार्य डॉक्टर फरहाना अली के मार्ग दर्शन में यह प्रतियोगिता आयोजित की गई, उन्होंने बताया कि कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कोरबा के निर्देशानुसार मतदाताओं के शत- प्रतिशत मताधिकार का प्रयोग करने के लिए उन्हें प्रेरित व जागृत करने के उद्देश्य से 9 से 25 अप्रैल तक स्वीप मतदाता जागरूकता का कार्यक्रम रखा गया है, जिसके अंतर्गत आज विद्यालय में निबंध प्रतियोगिता रखी गई, निबंध का विषय मतदान आवश्यक क्यों ? अथवा स्वच्छ एवं निष्पक्ष मतदान विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । प्राचार्या ने बताया कि देश के विकास के लिए सभी भारतीय नागरिक को अपने वोट का निष्पक्ष इस्तेमाल करना चाहिए। स्वीप प्रभारी प्रभा साव ने बताया कि मतदान करना हमारा प्रथम कर्तव्य है, पर हमें मतदान निष्पक्ष रूप से करना चाहिए, किसी भी प्रकार की भ्रामक एवं लालसा से हमें बचना चाहिए।

जिसका खुद का अता न पता...वे बतायें अपना पता: ज्योत्सना

जनता से झूठ बोलना बंद करें, बतायें कहां से लाएंगे 25-25 लाख

कोरबा(विश्व परिवार)। कोरबा लोकसभा की सांसद व कांग्रेस प्रत्याशी ज्योत्सना चरणदास महंत ने कहा है कि जिसका न आगे का पता न पीछे का पता, न खुद का कुछ अता-पता है, वो अपना पता बतायें। मैं तो छत्तीसगढ़ और कोरबा की बेटी व बहू हूं और 1998 से जनता की सेवा करते आ रही हूं। सांसद ज्योत्सना चरणदास महंत ने अपने चुनावी जनसंपर्क अभियान और जगह-जगह ली जा रही छोटी-छोटी सभाओं में कांग्रेस के न्यायपत्र के 5 न्याय और 25 गारंटी को प्रमुखता से रखते हुए केंद्र में कांग्रेस की सरकार चुने जाने का कारण प्रमुखता से रखा है। सांसद ने कहा कि भाजपा प्रत्याशी हर पंचायत को 25 लाख रुपए देने की बात कह रही हैं, जबकि एक सांसद को मात्र 5 करोड़ रुपए साल में मिलता है तो वे कोरबा लोकसभा क्षेत्र की हजारों पंचायत को 25-25 लाख रुपए कैसे देंगी? सांसद ने कहा कि वे झूठ बोलती हैं लेकिन झूठ इतना बोलना चाहिए जो छिपाया जा सके। उनका न अता है न पता और चुनाव लडने कोरबा आ गई हैं। जिनका न आगे का पता है न पीछे का पता है, वो मुझे लापता कहती हैं। सांसद ने कहा कि जनता किसी के झूठे बातों में न आए। इस लुटेरी सरकार ने जनता को लूटा है। हम मांगते हैं तो हमें देशद्रोही कहा जाता है। उनके पास गांधी परिवार को, कांग्रेस को, सोनिया गांधी को भला-बुरा कहने व गाली देने के अलावा कोई दूसरा मुद्दा नहीं है। कांग्रेस जनता के अधिकारों के लिए लड़ रही है, जनता के मुद्दों की बात करती है और संसद में इसके लिए लड़ती भी है। हम जनता के लिए हमेशा सोचते और कार्य करते हैं इसलिए कांग्रेस को इस बार कोरबा से लेकर दिल्ली तक लाना है। सांसद ने न्याय पत्र में किसानों, मजदूरों, महिलाओं व युवाओं के लिए किए गए न्याय को प्रमुखता से रखा।

मरवाही की जनता के मन में कमल खिलेगा सरोज पांडेय को जीत का ताज मिलेगा

कोरबा(विश्व परिवार)। कोरबा लोकसभा क्षेत्र के मारवाही विधानसभा के ग्राम सेखवा, पथरी, अड़भार, रुमगा, अमेराटिकरा, भरीडोड, बरगवा, कुम्हारी, मरवाही, परासी, चंगेरी में आयोजित नुक्कड़ सभा को कोरबा लोकसभा प्रत्याशी सुश्री सरोज पांडेय ने सबोधित कर आमजनों से आशीर्वाद लिया। जिसके बाद सभा में उपस्थित जन मानस को संबोधित करते सरोज पांडेय ने कहा भारतीय जनता पार्टी की ओर से आपका प्रतिनिधित्व करने के लिए चुनाव मैदान में हूं. चुनाव में जीत के लिए आप सभी का सहयोग और आशीर्वाद मांगने आई हूं. केंद्र की मोदी सरकार गरीबों के लिए लगातार काम करके विभिन्न योजनाओं से सीधा लाभ दिया है, किसानों को दो साल का बकाया बोनस और धान का समर्थन मूल्य 31 सौ रूपये दिया गया. महतारी वंदन योजना से सीधे महिला शक्तियों को नमन किया. देश में विकास की नई गाथा लिखी गई है, सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास के इस मूलमंत्र को लेकर हमारे देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी गरीबों, किसानों सहित हर वर्ग के लिए काम करते हैं, उनके द्वारा किए जा रहे देश हित के कार्यों को देखकर कांगेस और अन्य पार्टियां बौखला गई हैं. हमे किसी की बौखलाहट पर ध्यान नहीं देते हुए देश की जनता के विकास पर जोर देते हुए कार्य करना है. इस कार्यक्रम में प्रणव मरपच्ची (विधायक मारवाही), किशन ठाकुर(मण्डल अध्यक्ष), कन्हैया राठौर, संजय अग्रवाल, राकेश चतुर्वेदी, अरुण चैहान, केशव पांडेय, बृजलाल राठौर, लाल यादव व सभी पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

सुविधा केन्द्र एवं पोस्टल वोटिंग सेंटर में मतदान करने हेतु तिथि एवं समय निर्धारित

रायगढ(विश्व परिवार)। लोकसभा निर्वाचन-2024 अंतर्गत निर्वाचन कर्तव्य पर तैनात सभी अधिकारी/कर्मचारियों के लिए रायगढ़ जिले में डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान की सुविधा हेतु सुविधा केन्द्र एवं पोस्टल वोटिंग सेन्टर (पीवीसी)का गठन करते हुए मतदान कार्यक्रम का निर्धारण किया गया है। डिप्टी कलेक्टर एवं नोडल डाकमत श्री महेश शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि मतदान दल कर्मचारी एवं अन्य जिलों से प्राप्त डाक मतपत्र के आवेदक, वाहन चालक, नगर सेनानियों, अनिवार्य सेवा के मतदाताओं एवं अन्य निर्वाचन कर्तव्यों में संलग्न मतदाताओं के मतदान हेतु सुविधा केन्द्र/ पोस्टल वोटिंग सेन्टर (पीवीसी) कलेक्टोरेट परिसर चक्रधर नगर रायगढ़ के सृजन सभाकक्ष प्रथम तल को मतदाता सुविधा केन्द्र बनाया गया है। जिसमें विधानसभा क्षेत्र 15-लैलूंगा, 16-रायगढ़, 18-खरसिया एवं 19-धरमजयगढ़ के मतदाता 26 से 30 अप्रैल तथा 1 से 6 मई 2024 तक प्रातः 9 बजे से सायं 5 बजे तक अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकते है। इसी तरह पुलिस बल के अधिकारी-कर्मचारी लैलूंगा, रायगढ़, खरसिया एवं धरमजयगढ़ विधानसभा क्षेत्र वार 29 एवं 30 अप्रैल तथा 1 मई 2024 को प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक पुलिस कंट्रोल रूम चक्रधरनगर रायगढ़ में जाकर मतदान कर मतदान कर सकते है।

पुलिस प्रेक्षक श्री मुख्तार मोहसिन ने किया केआईटी स्ट्रांग रूम परिसर का निरीक्षण

मतदान दल, सामग्री मूवमेंट और सुरक्षा व्यवस्था की ली जानकारी, दिए आवश्यक दिशा निर्देश

रायगढ़(विश्व परिवार)। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा संसदीय क्षेत्र 02 रायगढ़ के लिए नियुक्त पुलिस प्रेक्षक आईपीएस श्री मुख्तार मोहसिन ने आज स्ट्रॉन्ग रूम का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने केआईटी स्ट्रॉन्ग रूम गड़उमरिया में स्थित चारों विधानसभा के लिए बनाए गए स्ट्रॉन्ग रूम, मतगणना कक्ष एवं सुरक्षा मानकों का निरीक्षण करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। सर्वप्रथम पुलिस प्रेक्षक श्री मुख्तार मोहसिन ने विधान सभावार बनाए गए स्ट्रॉन्ग रूम का निरीक्षण किया एवं सुरक्षा संबंधित जानकारी ली। एसपी श्री दिव्यांग पटेल ने बताया की चारों विधान सभा के लिए बनाए गए स्ट्रॉन्ग रूम के सामने एवं कॉरिडोर में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए है। इसके साथ सिक्योरिटी हेतु फोर्स तैनात किया गया है। पुलिस प्रेक्षक श्री मोहसिन ने स्ट्रॉन्ग रूम से मतदान सामग्री वितरण व्यवस्था, मतदान सामग्री वापसी की व्यवस्था मूवमेंट, मतगणना स्थल एवं पहुंच मार्ग की गहनता से निरीक्षण किया। उन्होंने मशीनों की मूवमेंट रूट एवं मतगणना स्थल वाले स्थानों में बेहतर तरीके से बेरीकेट करने के साथ ही कार्य पूर्ण होने पश्चात उनकी स्ट्रेंथ की जांच सुनिश्चित करने एवं ड्राई रन के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने विद्युत व्यवस्था के साथ ही अग्नि सुरक्षा हेतु प्रत्येक कक्ष में अग्नि शमन यंत्र रखने के निर्देश दिए। इस दौरान पुलिस प्रेक्षक श्री मोहसिन कंट्रोल रूम भी पहुंचे। उन्होंने सभी स्ट्रॉन्ग रूम के सीसीटीवी कैमरे की एंगल की जांच की। उन्होंने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के निरीक्षण के लिए सीसीटीवी के फुटेज उपलब्ध करवाने टीवी लगवाने तथा पेयजल की व्यवस्था करवाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर एडिशनल एसपी श्री आकाश मरकाम, जिला सेनानी नगर सेना श्री बी.कुजूर, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती रेखा चंद्रा, तहसीलदार पुसौर श्रीमती नेहा उपाध्याय, सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

लोकसभा निर्वाचन 2024 : सामान्य प्रेक्षक श्री मीणा ने आईटी कॉलेज व मुकुटधर पाण्डेय कॉलेज में निर्मित स्ट्रांग रूम का किया निरीक्षण

मतदान सामग्री वितरण एवं मतगणना हेतु आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

कोरबा(विश्व परिवार)। कोरबा लोकसभा क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक श्री प्रेम सिंह मीणा ने लोकसभा निर्वाचन 2024 की तैयारियों के लिए कोरबा के झगरहा स्थित आईटी कॉलेज एवं कटघोरा के मुकुटधर पांडेय शासकीय महाविद्यालय में निर्मित स्ट्रांग रूम का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने मतदान पश्चात् रखे जाने वाले ईव्हीएम को स्ट्रांग रूम में सुरक्षित रखने एवं उनकी निगरानी के लिए सुनिश्चित व्यवस्था करने के निर्देश दिए। सामान्य प्रेक्षक ने उक्त स्थानों का निरीक्षण करते हुए स्ट्रांग रूम, कंट्रोल रूम, सामग्री वितरण, सामग्री मिलान, पार्किंग, मतगणना कक्ष, मतपत्र मतगणना कक्ष सहित पूरे परिसर की समुचित व्यवस्था की जायजा लेते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सामान्य प्रेक्षक श्री प्रेम सिंह मीणा ने स्ट्रांग रूम परिसर में सीसीटीवी कैमरा, मत पेटी वितरण केंद्र व मतगणना स्थल तक सुव्यवस्थित पहुंच मार्ग, साफ-सफाई, विद्युत, अग्निरोधक यंत्र, पेयजल, शौचालय की व्यवस्था, ईव्हीएम और व्हीव्हीपैट मशीन की सुरक्षा व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने बैरीकेडिंग, गाड़ियों की पार्किंग, पुलिस बल एवं निगरानी के लिए उचित व्यवस्था करने एवं वितरण तथा मतगणना के दिवस के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अजीत वसंत ने सामान्य प्रेक्षक श्री मीणा को दोनों स्थानों के स्ट्रांग रूम में सुरक्षा व्यवस्था हेतु की गई व्यवस्थाओं एवं अन्य सुविधाओं की पूरी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि लोकसभा निर्वाचन 2024 के दौरान 02 विधानसभाओं कोरबा एवं रामपुर हेतु मतदान सामग्री का वितरण आईटी कॉलेज झगरहा स्थित स्ट्रांग रूम से किया जाएगा एवं शेष विधानसभा कटघोरा व पाली तानाखार के लिए सामग्री वितरण कटघोरा के मुकुटधर पांडेय शासकीय महाविद्यालय से किया जाएगा। उन्होंने बताया कि उक्त स्थानों में मतदान सामग्री वितरण एवं वापसी हेतु सभी आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।

संक्षिप्त समाचार

बोलेरो ने बाइक सवार को मारी ठोकर, वृद्ध ससुर की मौत

कोरबा (विश्व परिवार)। गेवरा-शक्तिनगर मार्ग में तेज रफ्तार बोलेरो ने बाइक सवारों को ठोकर मार दिया। बोलेरो की ठोकर से ससुर दामाद गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें इलाज के लिए अस्पताल दाखिल कराया गया, जहां ससुर को मृत घोषित कर दिया गया। मामले में पुलिस दुर्घटनाकारित वाहन की तलाश कर रही है। बताया जा रहा है कि दीपका थानांतर्गत शक्तिनगर में रामखिलावन 60 वर्ष निवास करता था। वह अपने दामाद झुक्खीराम चुटैल 55 वर्ष के साथ शनिवार को कहीं गया था। ससुर दामाद अपना काम निपटाकर घर लौट रहे थे। वे मुख्यमार्ग में गेवरा सब स्टेशन के समीप पहुंचे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार बोलेरो के चालक ने बाइक को ठोकर मार दिया। बोलेरो की ठोकर से बाइक सवार ससुर दामाद सड़क पर जा गिरे। घटना में दोनों को गंभीर चोटें आई। लोग मौके पर एकत्रित होते, इससे पहले चालक बोलेरो सहित फरार हो गया। राहगीरों ने एम्बुलेंस की मदद से ससुर दामाद को इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया। पुलिस की मानें तो अस्पताल में डॉक्टरों ने परीक्षण उपरांत वृद्ध को मृत घोषित कर दिया, जबकि दामाद का इलाज जारी है। मामले में पुलिस दुर्घटनाकारित बोलेरो व चालक का सरगर्मी से तलाश कर रही है।

बाल विवाह रोकथाम पर प्रशासन की सख्ती

रायगढ़ (विश्व परिवार)। कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल के निर्देश पर जिले में बाल विवाह रोकथाम के लिए कार्ययोजना बनाकर टीम गठित की गई थी। बाल विवाह की रोकथाम हेतु जिला प्रशासन द्वारा सभी स्तरो पर सख्ती बरतने के फलस्वरूप जिले में रामनवमी के दिन बाल विवाह होने संबंधी कोई शिकायत प्राप्त नही हुई। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास, रायगढ़ ने जानकारी देते हुए बताया कि कुछ क्षेत्रो में रामनवमी तथा अक्षय तृतीया के अवसर पर विवाह कराने की परम्परा है। पिछले वित्तीय वर्ष 2023-24 में 8 बाल विवाह की सूचना प्राप्त होने पर जिला प्रशासन की टीम द्वारा समझाईश देकर बाल विवाह रोका गया था। बाल विवाह केवल सामाजिक बुराई ही नही अपितु कानूनन अपराध भी है, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के अनुसार बाल विवाह पर पूर्णत: प्रतिबंध है, बाल विवाह में शामिल होने वाले माता-पिता पुरोहित पर भी कानूनी कार्यवाही का प्रावधान है, कोई भी व्यक्ति जो जानबूझकर ऐसी निषेधाज्ञा का उल्लंघन करता है उसे 02 वर्ष तक के कठोर करावास अथवा जुर्माना जो कि 01 लाख रूपये तक हो सकता है। बाल विवाह से महिलाओं के कम उम्र मे शादी करने से बच्चों मे कुपोषण की संभावना, मातृ मृत्यु दर व शिशु मृत्यु दर एवं घरेलू हिंसा में वृद्धि होती है, जो समाज के लिए चिंताजनक है, जो सामाजिक बुराई को बढ़ावा भी देती है, जो बालको की सर्वोत्तमहित मे नही है। अत: जिला प्रशासन बाल विवाह की रोकथाम हेतु चौकस है तथा आगामी 10 मई 2024 को अक्षय तृतीया में बाल विवाह की संभावना को देखते हुए कलेक्टर द्वारा सजग रहने के निर्देश दिये है।

महानदी नाव हादसे में निकाले जा चुके हैं सभी आठों शव

रायगढ़ (विश्व परिवार)। महानदी नाव हादसे में कल से अब तक सभी आठों शव निकाले जा चुके हैं। शवों के पोस्टमार्टम करवा कर उनके गृहग्राम अंजोरीपाली, खरसिया के लिए रवाना कर दिया गया है। हादसे में प्रभावित सारे लोग खरसिया ब्लॉक के ग्राम अंजोरीपाली के हैं। घटना के बाद कल राधिका निषाद का शव निकाला गया था। सर्च एवम रेस्क्यू ऑपरेशन में लगी टीमें देर रात तक घटनास्थल में लापता लोगों की तलाश करती रही। आज सुबह 06 बजे से फिर से खोजबीन शुरू की गई। ओडीआरएएफऔर फायर इमरजेंसी और सेफ्टी की टीमें स्कूबा डाइवर्स ने सर्च ऑपरेशन के बाद अब तक 07 शव निकाल लिए। जिसमें बालक पीकू राठिया, राधिका राठिया, बालक नवीन राठिया, तेरस बाई राठिया, लक्ष्मीन राठिया, बालक कुणाल राठिया, घसनीन राठिया सहित कुल 4 महिलाओं और 3 बच्चों का शव निकाल लिया गया है। इस तरह कल से अभी तक कुल 8 शव निकाले जा चुके हैं। सभी मृतक खरसिया विकासखंड के ग्राम अंजोरीपाली के हैं। घटनास्थल पर रायगढ़ जिला प्रशासन की ओर से उपस्थित नायब तहसीलदार पुसौर श्री पंकज मिश्रा से प्राप्त जानकारी के अनुसार सभी प्राप्त शवों के पोस्टमार्टम और विधिक प्रक्रिया पूरी होने के बाद शवों को उनके गृहग्राम के लिए रवाना कर दिया गया है। प्रशासन की टीम भी साथ भेजी गई है। कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल ने झारसुगुड़ा कलेक्टर से बात कर घटनास्थल के समीप के स्वास्थ्य केंद्र में पोस्टमार्टम की व्यवस्था करवाने का आग्रह किया था। जिससे जल्द सारी विधिक प्रक्रिया पूरी की जा सके। जिसके बाद झारसुगुड़ा से मेडिकल टीम पहुंची। चांटीपाली के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में सभी 8 मृतकों का पोस्टमार्टम कर शव गृहग्राम के लिए रवाना कर दिया गया है।

दैनिक
विश्व परिवार

विचार-पक्ष

रायपुर मंगलवार 23 अप्रैल 2024

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com

संपादकीय

नक्सलवाद पर कब लगेगी नकेल......

जनादेश की गारंटी

सर्वोच्च न्यायालय ने लोक सभा सभा के प्रथम चरण के मतदान से एक दिन पहले चुनावी मशीन की विसनीयता के बारे में यही कहा। एडीआर और अन्य की तरफ से जारी जनहित याचिकाओं पर दूसरे दिन सुनवाई करते हुए ईलेक्ट्रिक वोटिंग मशीन पर संदेह जताने को सही नहीं बताया। इस पर फैसला अभी आना है। पर इन टिप्पणियों से ईवीएम पर न्यायालय के रु ख का पता चलता है। स्वदेश निर्मित ईवीएम मशीन से चुनाव बीसवीं सदी के नौवें दशक से ही कराया जा रहा है। इसके पहले, 1982 में केरल की परवूर विधानसभा उपचुनाव में उसे कुछ बूथों पर आजमाया गया था। इसकी खामियों को दुरु स्त कर इसे प्रयोग-सक्षम बनाया गया। ईवीएम के जरिए यूपीए ने दो आम चुनाव जीते हैं और केंद्र में उनकी दो सरकारें बनी हैं। इसके पहले एनडीए की भी सरकार बनी है। विधानसभाओं और स्थानीय निकायों के चुनाव ईवीएम से ही हुए हैं। इसके बावजूद हारे हुए दल या गठबंधन हर आम चुनाव के वक्त ईवीएम को हटाने या उसे वीवीपीएटी से लैस करने की मांग चुनाव आयोग से लेकर सर्वोच्च न्यायालय तक करते रहे हैं। आयोग की तरफ से हर चुनाव के पहले उनके समक्ष ईवीएम के फूलप्रूफ डेमो के जरिए चिंताओं के निराकरण के बावजूद सवाल उठाते रहना एक रस्मी कवायद है। उनका आरोप होता है कि इसमें डाले गए वोट भाजपा को मिलते हैं। पहले के कुछ उदाहरण इसकी तस्दीक भी करते थे पर यह तो मशीनी गड़बड़ी हो सकती थी। अब तो इसमें पर्याप्त सुधार किया गया है। तभी तो सर्वोच्च न्यायालय ने चार करोड़ टेस्टेड डेटा पर अपना भरोसा जताया है। यह सही भी है। ऐसा नहीं होता तो यूपीए ही लगातार जीतता होता या एनडीए का राज बदस्तूर रहता। दलों को चुनावों में इतना पैसा और पसीना नहीं बहाना पड़ता। ईवीएम अपने आका को तश्तरी में नतीजे परोस देती। न्यायालय ने रस्मी याचियों से स्पष्ट कर दिया है कि बैलेट पेपर और बक्से की झीना-झपटी वाले प्रतिगामी चुनावी दौर में भारत जैसे 'महादेश' को नहीं लौटाया जा सकता। यह जर्मनी नहीं है। अलबत्ता, इस मसले पर फिर उंगली न उठे इस लिहाजन हर वोट का हिसाब रखने के लिए ईवीएम को वीवीपीएटी के साथ जोड़ने पर विचार किया जा सकता है। अंतिम परिणाम में देरी के बावजूद। चुनाव बिल्कुल शुद्ध-पवित्र तरीके से होना चाहिए ।

योगेंद्र योगी

सरकार वामपंथी अतिवाद से प्रभावित क्षेत्रों में सडक़ें बनाने की योजना पर तेजी से काम कर रही है और वर्ष 2022 तक 48877 किलोमीटर सडक़ें बनाने का लक्ष्य रखा गया है। वामपंथी अतिवाद से प्रभावित क्षेत्रों में संचार सेवाओं को मजबूत बनाने के लिए सरकार बड़ी संख्या में मोबाइल टावर लगाने का काम कर रही है छत्तीसगढ़ के कांकेर में सुरक्षाबलों ने 29 नक्सलियों को ढेर कर दिया। इस ऑपरेशन के लिए सुरक्षाबलों को कड़ी मेहनत करनी पड़ी है। जवान नक्सलियों के अड्डे तक पहुंचने के लिए 20 घंटे तक पैदल चले हैं। नक्सलियों के समूह को देखने के बाद पुलिस ने फायरिंग शुरू की थी। जब बंदूकें शांत हुईं, तो जंगल के फर्श पर सूखे पत्तों के बीच 29 माओवादी मृत पड़े थे। इनमें ललिता, शंकर और दूसरे कमांडर विनोद गावड़े के शवों की पहचान सबसे पहले की गई। मृतकों में पंद्रह महिलाएं भी थीं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने नक्सलियों के खिलाफ मिली सफलता को केन्द्र और राज्य में भाजपा सरकार की उपलब्धि बताया। उन्होंने विश्वास जताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में बहुत कम समय में देश से नक्सलवाद को उखाड़ फेंका जाएगा। छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनने के बाद से इस अभियान को गति मिली है। नक्सली इलाकों में सुरक्षा बल कैंप लगाए जा रहे हैं। 19 के बाद इनकी संख्या 250 हो गई है। नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में छत्तीसगढ़ पुलिस से भी मदद मिल रही है। राज्य में भाजपा सरकार बनने के बाद तीन महीने में 80 से ज्यादा नक्सली मारे गए हैं। 125 गिरफ्तार हुए हैं और 150 ने आत्मसमर्पण किया है। देश के 10 राज्यों में 70 जिलों में नक्सलवाद का प्रभाव है। इनमें सबसे ज्यादा प्रभावित राज्य झारखंड है, जहां 16 जिले हैं। वहीं छत्तीसगढ़ में नक्सल प्रभावित 14 जिले शामिल हैं। छत्तीसगढ़ में पिछले 14 सालों के भीतर 1582 नक्सली मुठभेड़ें हुई हैं। इन मुठभेड़ों के दौरान 1452 नक्सली

मारे गए हैं। इस बीच 1002 आम नागरिकों की भी मौत हुई है। वहीं इन हमलों में 1222 जवान शहीद हो चुके हैं। छत्तीसगढ़ में नई सरकार के गठन के बाद नक्सलियों को आशंका थी कि सरकार उनके खिलाफ अभियान तेज करेगी और हुआ भी ऐसा ही। राज्य की नई सरकार ने शांति का प्रस्ताव भी सामने रखा था, लेकिन नक्सल नेताओं की तरफसे इस प्रस्ताव पर कोई सकारात्मक प्रतिक्रिया नहीं आई। वहीं दूसरी तरफ पुलिस और सुरक्षाबलों को बस्तर में फ्री हैंड कर दिया गया है। ऐसे में पिछले तीन महीनों में नक्सलियों को कई बड़े नुकसान उठाने पड़े हैं। अब तक जहां माओवादियों के बटालियन स्तर के नेता ही ढेर हुए थे, तो इस बार शंकर राव जैसे डिवीजन लेवल का नेता पुलिस की गोली का शिकार हुआ है। ऐसे में नक्सली प्रदेश में पूरी तरह से बैकफुट में हैं। अब लगातार सवाल किए जा रहे हैं कि आखिर कब तक छत्तीसगढ़ को इस नक्सल दंश से छुटकारा मिल पाएगा और बस्तर में खून की होली थमेगी ? सरकार, सुरक्षा बलों एवं स्थानीय लोगों की संयुक्त कोशिशों का परिणाम है कि पिछले एक दशक में वामपंथी अतिवाद संबंधी घटनाओं, मौतों और उनके भौगोलिक प्रसार में काफी कमी आई है। जहां वर्ष 2010 में वामपंथी अतिवाद से प्रभावित जिलों की संख्या 96 थी, वहीं वर्ष 2018 में प्रभावित जिलों की संख्या 60 रह गई है। वर्ष 2009 में जहां नक्सलवाद की घटनाओं और इन घटनाओं में मरने वालों की संख्या क्रमश 2258 व 1005 थी, वहीं वर्ष 2018 में यह संख्या घटकर क्रमश 833 एवं 240 रह गई। देश के जिन 8 राज्यों के लगभग 60 जिलों में यह समस्या बनी हुई है, उनमें ओडिशा के 5, झारखंड के 14, बिहार के 5, आंध्र प्रदेश और छत्तीसगढ़ के 10, मध्य प्रदेश के 8, महाराष्ट्र के 2 तथा बंगाल के 8 जिले शामिल हैं। वर्ष 2015 के बाद से नक्सलियों के 90 प्रतिशत हमले लगभग चार राज्यों- छत्तीसगढ़, झारखंड, बिहार और ओडिशा में हुए हैं। माओवादियों के थिंक टैंक और प्रथम पंक्ति के नेता या तो मारे जा चुके हैं या इस विचारधारा को छोड़ चुके हैं। भारत में नक्सली हिंसा की शुरुआत वर्ष 1967 में पश्चिम बंगाल में दार्जिलिंग जिले के नक्सलबाड़ी नामक गांव से हुई और इसीलिए इस उग्रपंथी आंदोलन को नक्सलवाद के नाम से जाना जाता है। जमींदारों द्वारा छोटे किसानों के उत्पीडऩ पर अंकुश लगाने के लिए सत्ता के खिलाफ चारू मजूमदार, कानू सान्याल और कन्हाई चटर्जी द्वारा शुरू किए गए इस सशस्त्र आंदोलन को नक्सलवाद का नाम दिया गया। यह आंदोलन चीन के कम्युनिस्ट नेता माओ त्से तुंग की नीतियों का अनुगामी था। आंदोलनकारियों का मानना था कि भारतीय मजदूरों और किसानों की दुर्दशा के लिए सरकारी नीतियां जिम्मेदार हैं। ये लोकतंत्र एवं लोकतांत्रिक संस्थाओं के खिलाफ हैं और जमीनी स्तर पर लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को खत्म करने के लिए हिंसा का सहारा लेते हैं। ये समूह देश के अल्प विकसित क्षेत्रों में विकासात्मक कार्यों में बाधा उत्पन्न करते हैं और लोगों को सरकार के प्रति भड़क़ाने की कोशिश करते हैं। केंद्र और राज्य सरकारें माओवादी हिंसा को मुख्यत: कानून-व्यवस्था की समस्या मानती रही हैं, लेकिन इसके मूल में गंभीर सामाजिक-आर्थिक कारण भी रहे हैं। नक्सलियों का कहना है कि वे उन आदिवासियों और गरीबों के लिए लड़ रहे हैं, जिनकी सरकार ने दशकों से अनदेखी की है। वे जमीन के अधिकार एवं संसाधनों के वितरण के संघर्ष में स्थानीय सरोकारों का प्रतिनिधित्व करते हैं। माओवाद प्रभावित अधिकतर इलाके आदिवासी बहुल हैं और यहां जीवनयापन की बुनियादी सुविधाएं तक उपलब्ध नहीं हैं, लेकिन इन इलाकों की प्राकृतिक संपदा के दोहन में सार्वजनिक एवं निजी क्षेत्र की कंपनियों ने कोई कमी नहीं छोड़ी है। यहां न सडक़ें हैं, न पीने के लिए पानी की व्यवस्था, न शिक्षा एवं स्वास्थ्य संबंधी सुविधाएं और न ही रोजगार के अवसर। नक्सलवाद के उभार के आर्थिक कारण भी रहे हैं। नक्सली सरकार के विकास कार्यों के कार्यान्वयन में बाधा उत्पन्न करते हैं। वे आदिवासी क्षेत्रों का विकास नहीं होने देते और उन्हें सरकार के खिलाफ भडक़ाते हैं। वे लोगों से वसूली करते हैं एवं समांतर अदालतें लगाते हैं। प्रशासन तक पहुंच न हो पाने के कारण स्थानीय लोग नक्सलियों के अत्याचार का शिकार होते हैं। अशिक्षा और विकास कार्यों की उपेक्षा ने स्थानीय लोगों एवं नक्सलियों के बीच गठबंधन को मजबूत बनाया है। नक्सलवादियों की सफलता की वजह उन्हें स्थानीय स्तर पर मिलने वाला समर्थन रहा है।

विचार

जनता निर्णय लेगी

अखिलेश आर्यन्द

ताजा सर्वेक्षण बताते हैं कि इस बार के आम चुनाव में बेरोजगारी, महंगाई और विकास प्रमुख मुद्दे के रूप में हावी रहने वाले हैं। ये मुद्दे मतदाताओं के लिए अपना सांसद चुनने में काम में आएंगे। पिछले पांच साल में देश की हालत में कितना सुधार हुआ और जनता के कल्याण के लिए केंद्र और राज्य सरकारों ने जनता की बेहतरी के लिए कितनी जिम्मेदारी से कार्य किए, यह भी मतदाताओं पर असर डालेगा। इसी तरह 2019 में एनडीए सरकार ने किन घोषणाओं या वादों को पूरा किया और कौन-सी घोषणाएं एनडीए की केंद्र और राज्यों में उसकी सरकारें पूरा करने में नाकाम रहीं, इस बार के आम चुनाव में जनता द्वारा उन सारे मुद्दों पर गौर करके मतदान करने की बात ताजा सर्वेक्षण में सामने आई है। ताजा सर्वेक्षण के मुताबिक नौकरी और बेरोजगारी का मुद्दा लोगों के लिए सबसे अहम रहने वाला है। तमाम ऐसे लोगों की राय है कि अर्थव्यवस्था पर राज्य और केंद्र सरकार को सबसे ज्यादा गौर करने की जरूरत है क्योंकि गैर-बराबरी बढ़ी है। वहीं पर सर्वेक्षण में महिलाओं को रोजगार के अवसर कम होने की शिकायत भी है। बेरोजगारी के अलावा महंगाई का मुद्दा सबसे अहम है। रोजमर्रा की वस्तुओं में बढ़ोतरी से भी आम लोगों में खासी नाराजगी है खासकर गरीब, ग्रामीण और मजदूरी करके परिवार पालने वाले मजदूरों में। निम्न मध्यम और मध्यम वर्ग की भी महंगाई को लेकर सबसे ज्यादा शिकायत है। उज्ज्वला और मुफ्त राशन योजना से भारत का निम्न वर्ग राहत महसूस कर रहा है। गौरतलब है कि भाजपा के नये चुनाव घोषणापत्र में गरीबों को मुफ्त राशन की योजना को अगले पांच साल और बढ़ा दिया गया है। निश्चित ही इसका असर चुनाव परिणाम में दिखाई देगा क्योंकि 2019 में निम्न और माध्यम वर्ग ने केंद्र की मुफ्त राशन योजना को पसंद किया था। आयुष्मान योजना को विस्तार देते हुए गरीबों के अलावा सत्तर साल के बुजुगरे को भी इसका लाभ देने की बात जरूर नई है, इससे करोड़ों बुजुगरे को फायदा मिलेगा। इसी तरह पिछले पांच सालों में विकास की अहमियत को 48 प्रतिशत जनता ने स्वीकार किया। सबसे दिलचस्प राय भ्रष्टाचार को लेकर लोगों में देखने को मिली। महज 8 प्रतिशत लोगों ने भ्रष्टाचार को तवज्जो दी यानी 92 प्रतिशत लोगों ने भ्रष्टाचार को कोई खास तवज्जो ही नहीं दी, जबकि दस साल पहले भ्रष्टाचार सबसे गंभीर मुद्दा हुआ करता था। उस समय देश में बेरोजगारी की दर 5 प्रतिशत के आसपास थी, लेकिन अब यह 6.8 प्रतिशत के आसपास है। पिछले चुनाव में बेरोजगारी को लेकर लोग इतने आक्रामक नहीं थे जितने आज हैं। भाजपा के सामने सबसे बड़ी चुनौती बेरोजगारी, महंगाई और लगातार कीमतों में बढ़ोतरी है। महंगाई में कुछ कमी आई है, लेकिन पेट्रोलियम उत्पादों की कीमतों को भी व्यावहारिक बनाना होगा। इसी तरह करोड़ों गरीबों को शौचालय, सूर्य घर योजना से 300 यूनिट मुफ्त बिजली के अलावा स्टार्टअप के जरिए रोजगार देने की कवायद की गई। फिर भी नौकरी और बेरोजगारी का मुद्दा इस चुनाव में छा गया है, इसके पहले इस पर लोग इतने उग्र नहीं थे। इसलिए कोई भी गठबंधन सत्ता में आए उसके सामने करोड़ों युवाओं को रोजगार देने और महंगाई को कम और स्थिर बनाए रखने की चुनौती तो होगी ही। भाजपा का घोषणापत्र प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जारी करते हुए कहा कि उन्हें यदि पांच साल और मिलते हैं तो वे भारत को दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था वाला देश बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे, लेकिन पिछले दस वर्षो में देश में कई स्तरों पर बदलाव आए हैं। करोड़ों नये युवा मतदाता इस बार के चुनाव में अपने मत का इस्तेमाल करेंगे। इनका भरोसा जीतना चुनौती ही है। वे रोजगार चाहते हैं, और देश को आगे बढ़ता हुआ भी देखना चाहते हैं। केंद्र में सरकार बनाने वाले गठबंधन को इन युवा मतदाओं की चाहत को हर हाल में पूरा करना ही होगा। इसी तरह महिलाएं भी सुरक्षा के साथ नौकरी भी चाहती हैं। वे आगे बढ़ना चाहती हैं और इसमें केंद्र सरकार से अपनी बेहतरी के लिए उम्मीद भी लगाए हुए हैं। इसलिए भाजपा नीत एनडीए गठबंधन और कांग्रेस का 'इंडिया' गठबंधन, दोनों ही महिलाओं के आर्थिक हालात मजबूत करने की बात अपनी चुनावी घोषणाओं में करते दिखते हैं। बेशक, देश की साख दुनिया में पहले से बेहतर हुई है। कश्मीर मुद्दा भी एक झटके में हल कर लिया गया है। मुस्लिम महिलाओं को तीन तलाक जैसे जघन्य कानून को खत्म कर दिया गया।

अपने आंगन से शुरू हो स्वच्छता की मुहिम

बचन सिंह घटवाल

उद्योगों को पर्यावरण प्रदूषण को कसूरवार मानते हुए हम यह भूल जाते हैं कि हम पर्यावरण को बचाने के लिए व्यक्तिगत रूप से कितने सजग व सक्रिय हैं। व्यक्ति अगर अपने घर को केंद्र बिंदु मानकर वहीं से पर्यावरण संरक्षण की मुहिम शुरू कर दे, तो इस समस्या से काफी हद तक निजात पाई जा सकती है प्रकृति जीवन को व्यवस्थित करती है तथा सजीव परिदृश्यों से इसे सुंदर व आकर्षक बनाती है। इस क्रम में प्रकृति एक निर्धारित चक्र पर आगे बढ़ती है। हम अगर खुद को प्रकृति से छेड़छाड़ से दूर रख सके, तभी प्रकृति चक्र बेरोकटोक चलता रहेगा। जब व्यक्ति प्रकृति संग हस्तक्षेप करने पर उतारू हो जाता है, तो प्रकृति अपना सहज रूप परिवर्तित कर लेती है और ऐसे में जीवन असहज और दुखमय हो जाता है। मेरा आशय आज की प्रचलित पर्यावरण प्रदूषण की समस्या से है, जिसके प्रति आज प्रत्येक नागरिक वाकिफतो है, परंतु जीवन की जटिलताओं में आज के आधुनिक क्रियाकलापों में उलझकर वह बेबस सा हो गया है। इस बेबसी में आज व्यक्ति पर्यावरण के प्रति सार्थक सोच तो अवश्य रख रहा है, परंतु अपनी कार्यप्रणाली और क्रियाकलापों में बदलाव करना उसे कतई गंवारा नहीं। यही कारण है कि दिन-प्रतिदिन पर्यावरण की समस्या गंभीर से गंभीरतम होती जा रही है। पर्यावरण प्रदूषण की समस्या से विश्व वर्ष 1972 में ही अवगत हो गया था, जब संयुक्त राष्ट्र संघ ने स्टॉक होम, स्वीडन में विश्व भर के देशों का पहला पर्यावरण सम्मेलन आयोजित किया था। उस सम्मेलन में लगभग 119 देशों ने भाग लिया था और पहली बार एक ही पृथ्वी का सिद्धांत स्वीकार किया था। इसी सम्मेलन में संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम का जन्म हुआ था तथा प्रति वर्ष पांच जून को पर्यावरण दिवस आयोजित करके आम जनमानस को प्रदूषण की समस्या से अवगत कराने का निश्चय किया गया। यह एक बहुत ही सुंदर प्रयास रहा, जिसकी वजह से अमुक दिन व्यक्ति पर्यावरण के प्रति गंभीरता से सोचने का प्रयत्न करता है। हम इस समस्या पर जब भी विचार करते हैं, तो प्रथमदृष्टया बड़े उद्योगों व अन्य बड़ी परियोजनाओं को पर्यावरण की बिगड़ती हालत का एकमात्र कसूरवार मान लेते हैं। इस दोषारोपण की प्रक्रिया में हम यह भूल जाते हैं कि हम पर्यावरण को बचाने के लिए व्यक्तिगत रूप से कितने सजग व सक्रिय हैं। हमारा मानना है कि व्यक्ति अपने घर को केंद्र बिंदु मानकर यहीं से पर्यावरण संरक्षण की मुहिम शुरू कर दे, तो पर्यावरण प्रदूषण की समस्या से काफी हद तक निजात पाई जा सकती है। हमारे घरों में प्रतिदिन कचरे का थोड़ा-बहुत हिस्सा घर की चौखट लांघ कर कूड़े के ढेरों के रूप में व्यवस्थित होता जाता है, जिसकी वजह से कूड़े-कचरे से हमारी गलियां दूषित व गंदी नालियों के अवरुद्ध होने से आसपास प्रदूषण फैलना शुरू हो जाता है। हम अपने घर को स्वच्छ रखने के लिए तो सचेत हैं, परंतु घर के बाहर की परवाह करना अपना दायित्व नहीं समझते। इसकी वजह से हम स्वयं अपने नगर और गांव को लापरवाही से गंदा करते जाते हैं और समस्या विकराल रूप धारण करती चली जाती है। सर्वप्रथम हमें अपने घर के कचरे को सही ढंग से निपटाने के लिए वचनबद्ध होना जरूरी है। इसके लिए हमें घरों में दो तरह के कचरे के डिब्बे प्रयोग में लाने की प्रक्रिया को देशव्यापी लहर में बदलना होगा। शहरों के साथ-साथ गांवों को भी इस प्रक्रिया का अहम हिस्सा बनने के लिए प्रेरित करना होगा।कचरे के एक डिब्बे में उस कचरे को डालना चाहिए, जो जल्दी सड़ने-गलने वाला हो। इसमें सब्जियों के छिलके, सड़े फल व व्यर्थ भोजन को डालना चाहिए। ऐसे कचरे को आसानी से दबाकर निपटाया जा सकता है। दूसरे डिब्बे में लंबे समय में अपघटित होने वाले कचरे को डालना चाहिए, जैसे कागज, प्लास्टिक, कांच व लोहा आदि। इसमें जो कचरा कबाड़ी वाले को बेचने योग्य हो, उसे बेच देना चाहिए। इससे वे पुरानी वस्तुएं री-साइकिल सेंटर तक पहुंच कर नई उपयोगी वस्तु का रूप धारण कर सकें। इस तरह कचरे का निपटारा कर हम पर्यावरण को बचाने में घर से ही मुहिम चला सकते हैं। वर्तमान समय में ग्लोबल वार्मिंग का विषय बड़ा चिंतामय है। इसके कारण पूरा जैविक तंत्र प्रभावित हो रहा है। घटते उत्पादन के रूप में कृषि सरीखी गतिविधियों पर भी इसका असर साफदेखा जा सकता है। इसके कारण क्षेत्रीय विविधता पर भी संकट के बादल छा गए हैं। पृथ्वी पर जिन चीजों का उपयोग हम कर रहे हैं, उनकी वजह से तापमान में वृद्धि हो रही है। तापमान के बढ़ने की मुख्य वजह है, उद्योगों से निकलने वाला धुआं तथा घरों में अव्यवस्थित रूप से ऊर्जा का दुरुपयोग। हम अनावश्यक रूप से कभी-कभार या आदतन पंखों, बिजली के बल्बों व रेफ्रिजरेटरों का उपयोग करते हैं। जब जरूरत हो तब तो उसका प्रयोग सही है, परंतु असमय यूं ही बल्ब को जलते छोड़ देना, घर में कोई न भी हो और पंखे को चलते छोड़ देना, अन्य कई उदाहरण ऊर्जा के दुरुपयोगों में शामिल कर सकते हैं। अगर हम सही समय पर सुविधाओं का उपयोग कर स्विच बंद कर दें, तो आप अवश्य ग्लोबल वार्मिंग में बढ़ते तापमान को कम करने में सहयोग कर रहे होंगे। गांवों, शहरों में पेड़ लगाओ अभियान को तीव्र गति प्रदान करना जरूरी है। हर व्यक्ति अगर साल में एक या दो पेड़ लगाने का प्रण कर ले और पेड़ों को अनावश्यक रूप से काटने से तौबा कर ले, तो पर्यावरण को बचाने की मुहिम का हिस्सा बनकर हर नागरिक पर्यावरण प्रदूषण की समस्या से छुटकारा दिला सकता है।

आज के युग में परिवार में संतुलन जरूरी

कविता सिसोदिया

हर बुजुर्ग के पास अपने कुछ ऐसे अनुभव और सीख होती है जो कि गूगल में भी नहीं मिलती। एकल परिवार में अकेलेपन के शिकार बच्चे कई प्रकार की मानसिक विकृतियों का शिकार हो रहे हैं। बुजुर्ग अपने संघर्ष के बारे में जो बताते थे तो बच्चे प्रोत्साहित होते थे और विषम से विषम परिस्थितियों को संभालने की क्षमता रखते थे। पर आज छोटी-छोटी बातों पर आत्महत्या या दूसरों की हत्या एक आम बात हो चुकी है। बच्चे नशे के जाल में फंस कर जीवन बर्बाद कर रहे हैं परम पिता परमेश्वर ने जब सृष्टि की रचना की तो अपनी अलौकिक शक्ति व दिव्य दृष्टि से प्रत्येक कमी को जांचा-परखा और प्राणियों में एक ऐसा संतुलन बनाया जिससे सभी प्रकार के प्राणी एक-दूसरे के पूरक बनकर आनंदमय जीवन व्यतीत कर सकें। मनुष्य समाज की इकाई बना। मानव से परिवार और परिवार से समाज की स्थापना हुई। मानव समाज के लिए परिवार न केवल आवश्यक है, अपितु एक सुरक्षित एवं आदर्श संस्था भी है। पर विगत कुछ वर्षों में इस संस्था की जड़ें कुछ हिलने लगी हैं। रचयिता ने जब अविकसित बचपन, पूर्ण विकसित युवावस्था और जीर्ण-शीर्ण वृद्धावस्था की तस्वीर बनाई तो उन्हें लगा कि बच्चे तो नन्हे-मुन्ने से प्यारे-प्यारे कोमल खिलौने उनके मां-बाप और अन्य सभी के आकर्षण का केंद्र बने रहेंगे। उनके अविकसित तन और नादान मन को विकसित होने में सभी प्यार से सहयोग करेंगे। पर जब बचपन के बाद जवानी और बुढ़ापा आया तो उन्हें लगा कि जवानी तो स्वयं ही फौलाद होगी जो सबको संभालेगी पर बुढ़ापा कुरूप, निर्बल, मृत्यु की कगार पर डगमगाता सा एक पेड़ जिसके सभी पत्ते और शाखाएं थक कर और सूख कर गिरने वाले होंगे, उसे भी सहारा चाहिए। तो वृद्धावस्था को सुरक्षित रखने के लिए बचपन और बुढ़ापे में एक संतुलन बनाया गया। अंत में

वैसे भी वृद्धों के मन बच्चों की तरह हो जाते हैं और वे घर में रहकर बच्चों को संभाल सकते हैं, क्योंकि बच्चे कोमल और वृद्ध निर्बल होते हैं। परिवार में बुजुर्गों को सम्मान दिया गया। बच्चों के माता-पिता बुजुर्गों का सम्मान करते और बुजुर्ग अपने अनुभवों और ज्ञान को साझा कर अगली पीढ़ी को जीना और कार्य करना सिखाते थे। नई पीढ़ी भी उनकी सेवा और आज्ञापालन करना अपना कर्त्तव्य समझती थी और बच्चों को भी यह सिखाया जाता था। मां-बाप अपने बच्चों को बुजुर्गों के पास सौंप कर निश्चिंत होकर घर अंदर-बाहर के कार्य करने निकल पड़ते थे। पहाड़ी भाषा में एक कहावत है कि मूल से प्यारा ब्याज होता है क्योंकि बुजुर्गों को नाती-पोते अपने बच्चों से अधिक प्यारे होते हैं। जब मां-बाप बच्चों की शरारतों पर पिटाई करने लगते तो बच्चे दादी-नाना की गोद में छिप जाते हैं और दादा-दादी बच्चों को मारने वाले मां-बाप को पिटाई करने से रोकते और डांटते। इस प्रकार बच्चे बुजुर्गों के साथ मिलकर खूब आनंद और मस्ती करते तथा बुजुर्ग भी बच्चों के साथ बच्चे ही बन जाते और अपनी मनपसंद खानपान की चीजें चोरी-छुपे बच्चों के साथ खूब चटकारे भरकर खाते। बच्चे अपनी दादी-नानी से रामायण, महाभारत, परियों की कहानियां, पहेलियां बड़े शौक-प्यार से सुनते थे। बच्चों में बचपन से ही संयुक्त परिवार में रहकर बड़ों का सम्मान और छोटे से प्यार करने की भावना का विकास होता था। उनमें मिल-जुलकर बांट कर खाने की भावना और सहनशीलता होती। इस प्रकार आयु की रेल पर जीवन रूपी यात्रा वृद्ध रूपी गार्ड के संचालन में बचपन, किशोरावस्था, यौवनावस्था और वृद्धावस्था रूपी स्टेशनों को पार करती हुई मृत्यु रूपी निश्चित स्टेशन पर बड़े आराम से पहुंच जाती थी। पर आज के इस भौतिकवादी युग में बच्चों का बचपन वीडियो गेम में खो गया है और उन्हें सिखाया जाता है कि मिट्टी से हाथ -पैर गंदे हो जाते हैं। आज पढ़े-लिखे बुजुर्गों को भी दरकिनार कर दिया जाता है, क्योंकि वे नए जमाने का ज्ञान नहीं रखते। बच्चे एक ऐसे परिवार में रहते हैं जहां न दादा-दादी हैं, न चाचा-ताया या परिवार के अन्य सदस्य। अगर किसी परिवार में बुजुर्ग हैं भी तो किसी के भी पास उनके साथ बैठने के लिए समय नहीं है। बच्चों को उनके पास बैठने से मां-बाप मना करते हैं कि वृद्ध उन्हें आधुनिक बातें नहीं सीखा पाएंगे और हमारे बच्चे पिछड़ जाएंगे। उनके मां-बाप भी वृद्धों को यही कहकर चुप करा देते हैं कि आपको आधुनिक ज्ञान नहीं है। हमें आपसे ज्यादा ज्ञान है। जैसे घर में पड़े पुराने सामान को कबाड़ी को बेच दिया जाता है, ऐसे ही वृद्धों को वृद्धाश्रमों में छोड़ा जा रहा है, जहां वे अपने परिवार के लिए खून के आंसू रोते हैं। यहां तक कि उनके क्रिया-कर्म को भी उनकी संतान के पास समय नहीं है। यौवन के नशे में चूर उनकी संतानें यह क्यों नहीं समझती कि ये वृद्ध भी कभी उनकी तरह बलशाली जवान थे, पर जवानी में फौलाद सा शरीर एक दिन बुढ़ापे की जंग लगकर जर्जर हो जाएगा, तब उन्हें भी सहारे की आवश्यकता होगी। इस बात को भी क्यों नहीं सोच पाते कि हम भी कभी बुजुर्ग होंगे, तब हमारे बच्चे भी हमारा अनुकरण करते हुए हमारे साथ भी वही व्यवहार करेंगे जो हमने अपने बुजुर्गों के साथ किया है। हर बुजुर्ग के पास अपने कुछ ऐसे अनुभव और सीख होती है जो कि गूगल में भी नहीं मिलती। एकल परिवार में अकेलेपन के शिकार बच्चे कई प्रकार की मानसिक विकृतियों का शिकार हो रहे हैं। बुजुर्ग अपने संघर्ष के बारे में जो बताते थे तो बच्चे प्रोत्साहित होते थे और विषम से विषम परिस्थितियों को संभालने की क्षमता रखते थे। पर आज छोटी-छोटी बातों पर आत्महत्या या दूसरों की हत्या एक आम बात हो चुकी है। बच्चे कई प्रकार के नशे के जाल में फंस कर अपना जीवन बर्बाद कर रहे हैं। जैसे कि बूढ़े से बूढ़े पुराने तरु भी छाया और फल देते हैं, वैसे ही बुजुर्गों के पास भी प्यार, आशीर्वाद, जीवन के अनुभवों का अमूल्य खजाना होता है। तो क्यों न आधुनिकता और सोशल मीडिया के भीड़ भरे बाजार में बिखरती बचपन की कोमल शाखाओं को वृद्धों की छत्रछाया में रखकर, उनके प्यार के सागर से सींचकर उनके सर्वांगीण विकास के साथ एक बलशाली तन-मन, मस्तिष्क के साथ राम, लक्ष्मण, अर्जुन, युधिष्ठिर जैसी बहादुर पीढ़ी का अवतरण किया जाए, जिनके संस्कारों की छत्रछाया में न जाने कितने लोगों को आश्रय देने की क्षमता हो।

श्री शांतिनाथ दिगंबर जैन पाठशाला के बच्चों द्वारा आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज पर आधारित शिक्षाप्रद नाटिका की प्रस्तुति, सभी हुए भाव विभोर

रामगंजमंडी (विश्व परिवार)। महावीर जयंती के अवसर पर श्री शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर परिसर में श्री शांतिनाथ दिगंबर जैन पाठशाला के बच्चों के द्वारा शिक्षाप्रद प्रस्तुतियां दी गई जो सभी का मन मोह गई। आयोजन की शुरुआत में प्रभु महावीर के चित्र के समक्ष पाठशाला कलश पुण्यार्जक कैलाश चंद जगदीश चंद जैन बुरनखेड़ी परिवार एवम श्री शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर अध्यक्ष दिलीप कुमार विनायका, उपाध्यक्ष कमल लुहाड़िया, चेतन बागड़िया, महामंत्री राजकुमार गंगवाल ने दीप प्रज्वलित किया।

आयोजन की शुरुआत में ध्वज वंदन प्रस्तुत किया गया उसके बाद मंगलाचरण की प्रस्तुति दी गई। छोटे-छोटे बच्चों ने प्रभु महावीर के जन्म की खुशियां मनाने के साथ-साथ प्रभु महावीर के जीवन कृतित्व पर आधारित एवं शिक्षाप्रद प्रस्तुतियां दी। साथ ही साथ भगवान महावीर के सिद्धांत बताते हुए महावीर की संतान हैं हम, वीर जन्मे महावीर जनमे दिन शासन का बच्चा-बच्चा जैसी अलौकिक प्रस्तुतियां दी जिसे देख सभी भाव विभोर हो गए। इसी क्रम में बच्चों के द्वारा आचार्य श्री विद्यासागर के जीवन कृतित्व पर एक नाटिका प्रस्तुत की गई जिसमें आचार्य श्री का पूरा जीवन वृतांत बताया गया। जब यह नाटिका प्रस्तुत की गई तो हर कोई भावुक हो उठा। आचार्य श्री की दीक्षा से लेकर आचार्य श्री के आचार्य पद तक का सार नाटिका के द्वारा बताया गया। एवं आचार्य श्री की प्रेरणा से चलाए जा रहे प्रकल्पों के विषय में भी इस नाटिका में बताया साथ ही आचार्य श्री को जब आचार्य गुरुवर ज्ञान सागर महाराज ने आचार्य पद दिया गया उस दृश्य को भी इस नाटिका में प्रस्तुत किया गया। यूं कहां जाए तो यह प्रस्तुति आचार्य श्री के चरणों में सच्ची विनयांजलि प्रस्तुत कर रही थी। इस अवसर पर पाठशाला में अध्ययन करा रही समस्त शिक्षिकाओं का भी सम्मान समाज के द्वारा किया गया अंत में समाज की ओर से समाज अध्यक्ष दिलीप कुमार विनायका ने पाठशाला के बच्चों के द्वारा एवं शिक्षिकाओं द्वारा दी गई प्रस्तुति को सराहा एवं आभार प्रेषित किया।

-अभिषेक जैन लुहाड़िया

भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव दुर्ग में चारित्र आत्माओं का अभिनंदन

सांसद विजय बघेल ने सकल जैन डायरेक्टरी सरोकार का विमोचन किया, भजन गायक अनूप जैन की भक्ति में झूमे लोग

दुर्ग (विश्व परिवार)। भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव गंज मंडी प्रांगण में सांसद विजय बघेल महापौर धीरज बाकलीवाल विधायक रिकेश सेन राजेंद्र साहू के आतिथ्य में हर्ष और उल्लास के वातावरण में संपन्न हुआ। सभी अतिथियों ने जैन समाज के लोगों को भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव की बधाई दी।

तीन चारित्र आत्मा सौरभ संचेती प्रणिता बाफना शैली बाफना का अनुमोदना अभिनंदन समारोह- दुर्ग शहर की तीन चरित्र आत्माओं का श्री सौरभ संचेती सुपुत्र स्वर्गीय महावीर जी संचेती कु. प्रणिता बाफना सुपुत्री बसंत जी बाफना कु. शैली बाफना सुपुत्री दिनेश जी बाफना का भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव समिति दुर्ग द्वारा भावभीना अभिनंदन किया गया इस अभिनंदन समारोह में बड़ी संख्या में जैन समाज के लोग विशेष रूप से उपस्थित थे।

सांसद विजय बघेल विधायक राकेश सेन राजेंद्र साहू महापौर धीरज बाकलीवाल प्रकाश सांखला अजय जैन मनीष पारख सुनील श्री श्रीमाल अंकुश टाटिया मनीष सोनी इस अभिनंदन समारोह के साक्षी बने। दुर्ग के इन चारित्र आत्माओं की दीक्षा 9 जून को बेगु चित्तौड़ के पास राजस्थान में संभावित है। सकल जैन समाज की डायरेक्टरी सरोकार का विमोचन भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव समिति दुर्ग ने सकल जैन समाज की डायरेक्टरी सरोकार संपर्क निर्देशिका का विमोचन सांसद विजय बघेल रिकेश सेन राजेंद्र साहू प्रकाश सांखला प्रकाश गोलछा तथा समिति के पदाधिकारी के की उपस्थिति में अतिथियों ने किया।

इस संपर्क निर्देशिका में श्वेतांबर दिगंबर जैन समाज के निवासियों के नाम पता मोबाइल नंबर पारिवारिक सदस्य संख्या को शामिल किया गया है जिससे आपस में संपर्क और संवाद स्थापित हो सके जैन समाज के अलावा दुर्ग शहर के कई महत्वपूर्ण नंबर इस डायरेक्टरी में अंकित है।

इंदौर के ख्याति नाम भजन गायक अनूप जैन ने गंज मंडी प्रांगण में भक्ति गीतों का शानदार समा बांध उनके द्वारा गाए जा रहे गीतों पर लोग भाव विभोर होकर आए भजन गायक भजनों का आनंद लिया और उनके भक्ति गीतों पर झूमने के लिए मजबूर हुए।

-नवीन संचेती

भगवान महावीर जन्मकल्याणक पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने विकलांग सेवा प्रत्यर्थ श्री विनय मित्र मण्डल का अभिनंदन किया

श्री विनय मित्र मण्डल ने 25 हजार से ज्यादा दिव्यांगों को जयपुर पैर लगाकर नई जिंदगी दी

रायपुर (विश्व परिवार)। भगवान महावीर जन्मकल्याणक महोत्सव के मुख्य समारोह में मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने दिव्यांगों की सेवा प्रत्यर्थ श्री विनय मित्र मण्डल का अभिनन्दन किया। संस्था के अध्यक्ष महावीर मालू व पूर्व अध्यक्ष महेन्द्र कोचर महावीर तालेड़ा, सचिव आकाश गोलछा ने बताया कि आज मुख्यमंत्री श्री साय ने 25 हजार से ज़्यादा जयपुर पैर का वितरण करने के लिए श्री विनय मित्र मण्डल की सराहना की। अध्यक्ष महावीर मालू दीपचंद कोटड़िया राजेश क़ानूगा ने मुख्यमंत्री श्री साय को बताया कि संस्था द्वारा 1986 से लगातार विकलांगों को जयपुर पैर दिए जाते हैं 38 वर्षों में 25 हजार से ज़्यादा जयपुर पैर का वितरण किया गया है। जयपुर पैर का निर्माण कारीगर अब्दुल वहीद कुरैशी द्वारा किया जाता है। भगवान महावीर जन्मकल्याणक महोत्सव समिति के अध्यक्ष जितेन्द्र गोलछा महासचिव वीरेन्द्र डागा द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट कर मुख्यमंत्री जी के करकमलों से श्री विनय मित्र मण्डल का अभिनंदन किया गया।

प्रो. नलिन के शास्त्री को आचार्य विद्यानंद पुरस्कार एवं वाचस्पति की उपाधि से सम्मानित किया गया

आचार्य प्रज्ञसागरजी, श्रुत सागरजी के सान्निध्य में वाचस्पति की उपाधि के साथ एक लाख रुपए का बहुमान समर्पित

दिल्ली (विश्व परिवार)। जैन धर्म दर्शन, साहित्य, शिक्षा आदि अनेक विषयों के प्रकांड विद्वान सरलता एवं सादगी के प्रतीक, संपादक अनेक लेख एवं शोध आलेख के लेखक, संस्कृत, प्राकृत, अंग्रेजी, अपभ्रंश आदि भाषाओं के विशेषज्ञ, वाणी के जादूगर प्रोफेसर नलिन के शास्त्री को आचार्य विद्यानंद जी महाराज की जन्म शताब्दी के शुभारंभ अवसर पर आचार्य विद्यानंद पुरस्कार एवं वाचस्पति की उपाधि से सम्मानित किया गया। लाल किला मैदान दिल्ली में हुए भव्य आयोजन के दौरान उन्हें यह प्रतिष्ठित पुरस्कार अंतेवासी, पट्ट शिष्य, राष्ट्र संत, परंपराचार्य श्री प्रज्ञ सागर जी महाराज, आचार्य श्री श्रुत सागरजी महाराज संसघ के पावन सानिध्य में प्रदान किया गया।21 अप्रैल 2024 महावीर जयंती के पावन अवसर पर यह पुरस्कार उन्हें दिगंबर जैन रत्नत्रय जिन मंदिर द्वारका सेक्टर 10 नई दिल्ली द्वारा प्रदान किया गया। भारत मंडपम प्रगति मैदान में हुए भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को आचार्य श्री प्रज्ञ सागरजी महाराज ने प्रो नलिन के शास्त्री द्वारा सृजित जैन धर्म जन धर्म की प्रथम प्रति भेंट की।उल्लेखनीय है कि प्रोफेसर नलिन के शास्त्री जैन दर्शन के मूर्धन्य विद्वानों में सम्मिलित हैं, जो पर्यावरण एवं वनस्पति विज्ञान के पूर्व आचार्य होने के साथ-साथ उच्च शिक्षा के प्रबंधन के क्षेत्र में एक परिचित नाम है।उन्होंने अपनी 50 वर्षीय साहित्य सेवा में अनेक आयामों को गढ़ा है।उन्होंने जैन दर्शन को आगे बढ़ाने के लिए अनेक कार्य किये जो युवा विद्वानों के लिए मील का पत्थर है। दिल्ली के गुरु गोविंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय, बाबा साहब भीमराव अंबेडकर केंद्रीय विश्वविद्यालय लखनऊ, मगध विश्वविद्यालय बोधगया, जैन विश्व भारती संस्थान लाडनूं के कुल सचिव भी रहे हैं। वर्तमान में वे जैन विश्व भारती संस्थान मनित विश्वविद्यालय लाडनूं में कुलपति के विशेष कर्तव्य अधिकारी के रूप में अपनी उल्लेखनीय सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। प्रोफेसर नलिन के शास्त्री को मिले इस उत्कृष्ट पुरस्कार हेतु अनेक विद्वत जनों एवं समाज जनों ने बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

-राजेंद्र जैन महावीर, सनावद

पाण्डुकशिला पर श्रद्धालुओं ने किया श्री जी का अभिषेक

अभिनंदनोदय तीर्थ से विमान जी में विराजित निकली श्रीजी की शोभायात्रा

ललितपुर (विश्व परिवार)। भगवान महावीर के 2623 वे जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में अभिनंदनोदय तीर्थ से श्री जी की भव्य शोभायात्रा वर्णी जैन कालेज की भूमि पाण्डुकशिला पर पहुची जहां श्रद्धालुओं ने श्री जी का अभिषेक कर धर्मलाभ लिया।

आज प्रात:काल अभिनंदनोदय तीर्थ से विमान जी में विराजित श्री जी की शोभायात्रा गाजे बाजे के साथ निर्धारित मार्ग से होते हुएश्री वर्णी जैन कालेज की भूमि स्थित पाण्डुकशिला पर पहुची। जहां प्रतिष्ठाचार्य पं0 संतोष अमृत के मार्गदर्शन में अभिषेक आदि की मांगलिक क्रियाए हुई जिसमें सौधर्म इन्द्र प्रकाश चंद दीपक कुमार सतरवांस, ईशान इन्द्र सनतकुमार ललित चौधरी खनियाधाना, माहेन्द्र उत्तमचंद अर्पित जैन धनगौल, शान्तिधारा सनत कुमार मलैया डोंगराकलां, पुष्पेन्द्र जैन मडावरा वाले, पंकज जैन सिमरा वाले, कैप्टन राजकुमार जैन मंत्री जैन पंचायत द्वारा किया गया जिसमें छत्र स्थापन रूपचंद संदीप जैन गौरावले एवं चवर स्थापन जिनेन्द्र कुमार देवेन्द्र जैन पंसारी ने किया। श्री जी के अभिषेक के उपरान्त आरती प्रतिभास्थली महिला मण्डल ललितपुर ने भक्तिपूर्वक की। कार्यक्रम के प्रारम्भ में पंचायत समिति के पदाधिकारियों ने आचार्य श्रेष्ठ विद्यासागर महाराज के चित्र अनावरण कर के दीपप्रज्जवलित किया। इस मौके पर जैन पंचायत के अध्यक्ष डा0 अक्षय टडैया ने वर्णीकालेज की भूमि पर भव्य शिक्षा के आलय स्थापना का संकल्प दोहराया। पूर्व अध्यक्ष अनिल जैन अंचल ने वर्णी कालेज भूमि की विवादित स्थिति से अवगत कराते हुए कहा शीध्र ही जैन समाज इस भूमि पर जनहित में कल्याणकारी योजनाए शिक्षा का केन्द्र बनाकर सर्व समाज के हित में कार्य करेगी। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री आकाश जैन द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से श्रेष्ठी शीलचंद अनौरा, राजेन्द्र जैन थनवारा, अखिलेश गदयाना, संजीव जैन ममता स्पोर्ट, अक्षय अलया मीडिया प्रभारी के अतिरिक्त जैन पंचायत के पदाधिकारी मंदिर प्रबंधक मोदी पंकज जैन, अशोक दैलवारा, धार्मिक संयोजक प्रतीक जैन इमलिया राकेश जैन रिंकू, उपाध्यक्ष सतीश नजा, संयोजक सनत जैन खजुरिया, सीए सोरभ जैन विजय जैन काफीहाउस, प्रफुल्ल कुमार दैलवारा,संजीव जैन लकी, अमित जैन पुल्ली सजल कुमा रजैन जोली, राकुमार सराफ, धन्यकुमार जैन सैदपुर, सन्मति कुमार जैन गांधी, धन्यकुमार जैन सैदपुर, पं0पवन जैन, मनोज जैन बबीना, अजय जैन गंगचारी, आनंद जैन भावनगर शुभेन्दु मोदी आदि मौजूद रहे।

आयोजन स्थल पर जैन मिलन सिविल लाईन, जैन बैंकर्स फोरम, द्वारा मिष्ठान वितरण एवं श्री विद्यासागर व्यायामशाला ललितपुर का विशेष सहयोग रहा। आयोजन स्थल से श्री जी विमान जी में विराजित कर निर्धारित मार्ग से अभिनंदनोदय तीर्थ पहुचे उन्हें मंदिर में विराजमान किया गया इस दौरान भारी संख्या में श्रद्धालुजन जयजय कार करते हुए चल रहे थे। कार्यक्रम से संबंधित तीन चित्र है कृप्या समाचार के साथ सैट कर प्रकाशित करिएगा।

-अक्षय अलया

राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने पार्टी प्रत्याशी मंत्री बृजमोहन अग्रवाल के लिए मांगे वोट

रायपुर (विश्व परिवार)। सोमवार को चंद्रखुरी में चुनावी रैली में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने पार्टी प्रत्याशी मंत्री बृजमोहन अग्रवाल के लिए वोट मांगे। इस अवसर पर बृजमोहन अग्रवाल ने जेपी नड्डा का स्वागत करते हुए कहा कि, उनके नेतृत्व में केंद्र में दो बार भाजपा की सरकार बन चुकी है और तीसरी बार नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं।

बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि यह चुनाव कोई साधारण चुनाव नहीं है यह भारत को विश्व गुरु बनाने वाला चुनाव है। यह चुनाव देश के दुश्मनों को सबक सिखाने वाला चुनाव है। यह चुनाव अयोध्या में भांजे प्रभु श्री राम का मंदिर बनाने के लिए मोदी जी को धन्यवाद देने वाला चुनाव है। यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा जी के नेतृत्व में देश की सीमाएं पूरी तरह से सुरक्षित हैं। देश तेजी से उन्नति कर रहा है। यहां के गरीब, किसान, युवा, महिला सभी लोगों को तरक्की के समान अवसर प्रदान किया जा रहे हैं। जहां एक तरफ किसानों को उनकी फसल का उचित मूल्य मिल रहा है तो वही गरीबों के लिए भोजन सुनिश्चित करते हुए हर परिवार को प्रत्येक महीने मुफ्त राशन दिया जा रहा है। युवाओं को कौशल विकास के जरिए रोजगार के नए-नए रास्ते उपलब्ध कराए जा रहे हैं। तो वहीं महिलाओं को आत्म सम्मान और आत्मनिर्भर बनाने महिलाओं को ?1000 प्रति महीने दिया जा रहा है। साथ ही गांव की महिलाओं को स्व सहायता समूह के जरिए रोजगार के नए अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। पिछले 10 सालों में मोदी जी ने 25 करोड़ से ज्यादा लोगों को गरीबी रेखा से ऊपर उठाया है। बृजमोहन अग्रवाल ने देश को सम्राट और खुशहाल बनाने के लिए लोगों से एक बार फिर से भाजपा को वोट देने और मोदी जी को प्रधानमंत्री बनाने की अपील की।

17वॉ विशाल रक्तदान शिविर, महिलाओं ने उत्साह के साथ किया रक्तदान

रक्तदाताओं को किया गया रक्तवीर की उपाधि से सम्मानित

ललितपुर (विश्व परिवार)। भगवान महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक के अवसर पर जैन युवा संगठन के तत्वावधान में एवं श्री दिगंबर जैन पंचायत समिति ललितपुर के निर्देशन में 17वें विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

जैन युवा संगठन द्वारा पिछले 16 वर्षों से लगातार रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें जैन समाज ही नहीं अपितु सर्व समाज के सभी वर्गों के द्वारा रक्तदान किया जाता है। रक्तदान करने में जैन समाज की महिलावर्ग ने इस बार सर्वाधिक भूमिका निभाई है। 108 यूनिट रक्तदान में आधे से ज्यादा रक्तदान की संख्या महिला वर्ग की रही। महिला वर्ग द्वारा किये अनुपम कार्य से संपूर्ण समाज में हर्ष व्याप्त है। जहां लोग रक्तदान को लेकर डरे हुए रहते हैं वहीं इन महिलाओं ने युवतियों ने बढ़- चढ़कर रक्तदान कर जिओ और जीने दो का संदेश दिया है। रक्तदान शिविर में 80वी बार रक्तदान कर चुके अनुपम जैन अनोरा ने पुन: रक्तदान किया वहीं संजीव जैन सीए ने 50वी बार रक्तदान कर भगवान महावीर स्वामी के श्रीचरणों में श्रद्धा सुमन अर्पित किये। सुमित जैन चंदावली ने पूरे परिवार सहित रक्तदान किया।

शिविर में मुहम्मद सलमान खान, संदीप साहू एवं शशांक साहू के साथ एक सैकड़ा से अधिक लोगो ने रक्तदान किया। जैन युवा संगठन के तत्वावधान एवं श्री दिगंबर जैन पंचायत समिति द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर में सर्व प्रथम भगवान महावीर स्वामी के चित्र के समीप दीप प्रज्वलन किया गया उसके पश्चात जैन समाज ललितपुर के अध्यक्ष अक्षय टडैया एवं महामंत्री आकाश जैन, जैन युवा संगठन के संरक्षक प्रदीप सतरवास, प्रबंधकमोदी पंकज जैन पार्षद, राजकुमार कैप्टन, सीए संजीव जैन, सनत जैन खजुरिया, विजय जैन दिगम्बर, डॉ सुनील संचय, अंकुर शानू बाबा, अशोक देलवारा, शील चंद अनौरा, अक्षय आदि द्वारा सभी रक्तदाताओ को रक्तवीर उपाधि से सम्मानित किया गया। जैन युवा संगठन के समर्पित कार्यकर्ताओं एवं मंगलवार भक्तांबर मंडल सेवा दल के सभी सदस्यों ने विशाल रक्तदान शिविर में अपना अभूतपूर्व योगदान दिया। इस दौरान रक्तदान मनोज बबीना, श्रीश सिंघई, संजय मोदी, शैलेन्द्र जैन वीटू, विकास सीए, अनुपम सीए, विशाल जैन, रितेश जैन, नीलेश रसिया, सोनू रस्सी, अमित जैन, चंद्रेश जैन, गोलू अनौरा, संकेत जैन, निमेष जैन, प्रतीक रोड़ा, अनूप इमलिया, चिराग इमलिया, नमन जैन, सुमित जैन, पुष्पेन्द्र सहित सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

-सुनील संचय

रायपुर लोकसभा क्षेत्र के अभ्यर्थियों को चुनाव चिन्ह का आबंटन

रायपुर (विश्व परिवार)। रायपुर लोकसभा क्षेत्र क्रमांक 8 के लिए 38 अभ्यर्थी चुनाव मैदान में हैं और उन्हें चुनाव चिन्ह का आबंटन कर दिया गया है। इनमें भारतीय जनता पार्टी से श्री बृजमोहन अग्रवाल को कमल छाप, बहुजन समाज पार्टी से ममता रानी साहू को हाथी छाप, इंडियन नेशनल कांग्रेस श्री विकास उपाध्याय को हाथ, राईट टू रिकॉल पार्टी से श्री अनिल महोबिया को प्रेसर कुकर, भ्रष्टाचार मुक्ति पार्टी से मो. अमिन को टायर, आप सबकी अपनी पार्टी से श्री आशीष कुमार तिवारी को कमल की निब सात किरणों के साथ, भारतीय शक्ति चेतना पार्टी से श्री दयाशंकर निषाद को बासुरी, धूं सेना से श्री नीरज सैनी पुजारी को अनूठी, आजाद समाज पार्टी (कांशी) से श्री पिताम्बर जांगड़े को केतली, सुन्दर समाज पार्टी श्री पीलाराम अनंत को कांच का गिलास, भारतीय बहुजन कांग्रेस से भंजन जांगड़े (अधिवक्ता) को ऑटो-रिक्शा, आंबेडकराईट पार्टी ऑफ इंडिया से श्री याशुतोष लहरे को कोर्ट, राष्ट्रीय जनसभा पार्टी से श्री लखमू राम टंडन को नारियल फार्म, इंजी लाल बहादुर यादव गोडवाना गणतंत्र पार्टी से आरी छाप, सोशलिस्ट यूनिटी सेंटर ऑफ़ इंडिया (कम्यूनिस्ट) सेव् विश्वजीत हरोडे को बैटरी टार्च, शक्ति सेना (भारत देष) से सविता शैलेन्द्र बंजारे को गैस-सिलेंडर, हमर राज पार्टी से श्री सुरेश कुमार नेताम को बाल्टी, रिपब्लिकन पार्टी ऑफ़ इंडिया (।) से श्री हीरानंद नागवानी (अशोक भैया) को सिलाई की मशीन, निर्दलीय श्री अमरनाथ चंद्रकार को डिश एंटीना, डॉ. ओमप्रकाश साहू को भालाफेक , मो. इमरान खान को तरबूज, मो. नासीर को ट्रक, नुरी खॉं को कारपेट , नंदिनी नायक को लेडी पर्स, श्री प्रविशान्त सालोमन को हेडफोन, श्री प्रवीण जैन को गैस का चूल्हा, श्री बोधन लाल फरिकसा को सीसीटीवी कैमरा, इंजी. भानु प्रताप टाण्डे को लैपटॉप, श्री मनोज वर्मा को सेब, याकुब खान को हीरा, श्री राजेश ध्रुव को पानी का जहाज, राधेश्वरी गायकवाड़ को एयर कंडीशनर, रामकृष्ण वर्मा को कड़ाही, रामप्रसाद प्रजापति को अलमारी, रोहित कुमार पाटिल को प्रेस, विनायक धमगाये को गन्ना किसान, सुधांशु भूषण को ब्लैक बोर्ड, सैययद इरशाद को बेबी वाकर का चुनाव प्रतीक चिन्ह आबंटित किया गया है।

मन उस भूत के समान है जो आपसे 24 घंटे काम मांगता है : आचार्य आर्जवसागर जी महाराज

विदिशा (विश्व परिवार)। मन तो उस भूत के समान है, जो आपसे 24 घंटे काम मांगता है, मन को यदि आपने काम पर नहीं लगाया तो वह आपका ही गला दबाऐगा। उपरोक्त उद्‌गार आचार्य आर्जवसागर जी महाराज ने श्री शांतिनाथ जिनालय स्टेशन जैन मंदिर में प्रात:कालीन सभा में व्यक्त किये। उन्होंने एक कथानक सुनाते हुये कहा कि जंगल में मुनिराज ध्यान में लीन थे अचानक सामने से एक शेर आता देख मुनिराज के पास बैठा शिष्य शेर को देखते ही और वह पेड़ पर चढ़ जाता है, और क्या देखता है शेर आया उसने मुनिराज को पहले सूंघा फिर कान में कुछ कहा और परिक्रमा लगाई चला गया थोड़ी देर बाद मुनिराज जब ध्यान से बाहर आए तब शिष्य ने देखा कि उनके ऊपर कुछ मक्खियां परेशान कर रही है जिसे मुनिराज अपनी पिच्छिका से हटा रहे है, तो उसने सहजता वश मुनिराज से पूंछा कि अभी थोड़ी देर पहले आपके सामने शेर आया तो आपने कोई भी प्रतिक्रिया व्यक्त नहीं की जबकि अभी आप उन मक्खियों को हटा रहे हो? तो मुनिराज ने शिष्य को जबाब दिया कि शेर कब आया यह मुझे खुद नहीं मालुम क्योंकि उस समय ध्यान में था और व्यक्ति का मन जब किसी ध्यान में होता है तो उसे उसके आसपास हो रही घटनाओं में उसका ध्यान नहीं जाता आपने पूंछा कि शेर ने आपसे क्या कहा तो सुनो उसने कहा कि संकट के समय जो शिष्य अपने गुरु को छोड़कर भाग जाता है वह शिष्य योग्य नहीं कहलाता। आचार्य श्री ने कहा कि मन तो बंदर के समान है जो कि 24 घंटे व्यसनों की ऊछलकूद तथा पापार्जन में लगा रहता है, उन्होंने कहा कि ध्यान में कभी कष्ट नहीं होता मन तो आपका पाप में तथा विषयों में जाऐगा मन को काम पर लगाने के लिये धर्मध्यान करते रहो उपरोक्त जानकारी देते हुये जैन समाज के प्रवक्ता अविनाश जैन ने बताया आचार्य संघ के प्रवचन प्रतिदिन श्री शांतिनाथ जिनालय में चल रहे है। उधर आचार्य विनम्रसागर जी महाराज संघस्थ आर्यिका विमलमति माताजी संघ सहित श्री पारसनाथ जिनालय अरिहंत विहार में विराजमान है। महावीर भगवान के जन्म कल्याणक के शुभ अवसर पर जैन गुरूवर सेवा समिति के द्वारा नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन स्टेशन जैन मंदिर के नीचे माधवगंज पर किया गया जिसमें अटल विहारी मेडिकल कालेज के डाक्टरों की टीम ने लगभग 300 लोगों का स्वास्थ्य परिक्षण कर उचित सलाह दी गयी। कार्यक्रम के संयोजक जैन गुरवर सेवा समिति ने सभी का आभार व्यक्त किया है। **-अविनाश जैन**

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com

दैनिक
विश्व परिवार

संक्षिप्त समाचार

धूमधाम से भगवान राम की शोभायात्रा निकाली गई

गरियाबंद(विश्व परिवार)। रामनवमी पर्व पर दर्रीपारा में बड़े धूमधाम से मनाया गया,जिसके मुख्यातिथि जनपद सदस्य खिलेश्वरी आयाम,अध्यक्षता अहिल्या बाई सोम,विशिष्ट अतिथि ग्राम पंचायत सरपंच सुनीता नेताम ने किया।इस पर्व को लेकर ग्राम में भगवा रंग के तोरण पताकों एवं गुब्बारे से पुरे गली को सजाया गया था,वही गांव में डीजे के साथ भगवान राम की शोभायात्रा निकाली गई।जिसमें महिला, पुरुषों व बच्चों ने बड़ी संख्या में शामिल हुए,वही मनहरण बाल मंडली के द्वारा रामायण पाठ का आयोजन किया गया।शाम को महिलाओं ने अपने-अपने घर से आरती ले कर भगवान रामचंद्र जी की महाआरती में शामिल हुए,वही आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया।इस मौके पर मनहरण बाल मंडली अध्यक्ष चेतन नेताम,सचिव कांशी राम यादव,व्याख्याकर सुरेश सोम, मोहन यादव,हरिश्चन्द्र यादव,जयराम साहू,डिहार यादव, ताराचंद कुंजाम,भोला राम नेताम,पुनेश्वर यादव,ग्राम प्रमुख बिसाहू राम नेताम,मंगलु राम,अनिरुद्ध मंडावी, महादेव नेताम,राजेंद्र वाल्मीक,राजू लाल नेताम,शंकर नेताम,निरंजन यादव,रामेश्वर यादव,बिसलाल ध्रुव, यशवंत साहू,दिलीप कश्यप,जालम मरकाम,महेत्तर राम सोम,अशोक साहू सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।

नाबालिक के साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी को पुलिस द्वारा भेजा गया जेल

गरियाबंद(विश्व परिवार)। नाबालिक लड़की को बहलाफुसला कर दुष्कर्म करने वाले आरोपी को इंदागांव पुलिस द्वारा गिरफ्तार करते हुए जेल भेजा गया।घटना के विषय में मिली जानकारी के अनुसार थाना इंदागांव के अपराध क्रमांक 26/2023 धारा-363,376(2)ढ, भा.द.वि. 06 पाक्सो एक्ट के प्रकरण मे आरोपी ओमप्रकाश सिन्हा पिता तिलचंद सिन्हा उम्र.36 वर्ष निवासी धुरवागुड़ी,थाना इंदागांव के द्वारा पीड़िता को बहला फुसलाकर भगा कर ले गया था जो करीब 4 माह उड़ीसा क्षेत्र मे रखने के पश्चात पीड़िता को रायपुर मे छोड़ने पर पीड़िता को बरामद किया गया है।आरोपी द्वारा घटना 18 नवंबर 2023 के पहले गांव मे पीड़िता को बहला फुसलाकर शादी का प्रलोभन देकर लगातार कई बार शारीरिक दुष्कर्म किया,जो आरोपी द्वारा घटना दिनांक को बहला फुसलाकर शादी का प्रयोजन से भगा ले जाकर आज दिनांक तक बार-बार लगातार जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाया गया है।विवेचना क्रम मे पीड़िता के द्वारा बताई गई है कि आरोपी ओमप्रकाश सिन्हा तुमसे प्यार करता हूँ शादी करूंगा कहकर बहला फुसलाकर गांव मे लगातार शारीरिक दुष्कर्म किया। विवेचना में आरोपी के विरूद्ध धारा-363, 376(2)ढ भा0द0वि0 एवं धारा 06 पाक्सो एक्ट के अपराध घटित करना पाये जाने से आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करते हुए जेल भेजा गया।

मुठभेड़ में एक नक्सली ढेर, हथियार बरामद

बीजापुर(विश्व परिवार)। जिले के भैरमगढ़ थाना क्षेत्र के केशकुतुल के जंगलों में पुलिस और नक्सलियों के बीच हुए मुठभेड़ में पुलिस ने एक नक्सली को ढेर कर दिया है। मौके से पुलिस ने हथियार भी बरामद किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार भैरमगढ़ थाना क्षेत्र के केशकुतुल-केशमुंदी के जंगलों में डिवीजन सप्लाई टीम कमांडर कवासी पण्डरु सहित 15-20 नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना पर डीआरजी बीजापुर की टीम नक्सल विरोधी अभियान पर निकली हुई थी। इस दौरान रविवार को केशकुतुल के जंगल में पुलिस और नक्सलियों के बीच मुटभेड़ हो गई। इस मुठभेड़ में एक नक्सली के मारे जाने की सूचना है वहीं मौके से हथियार व विस्फोटक आदि मिलने की सूचना है। क्षेत्र में सघन सर्चिंग जारी है।

हीप हॉप जुम्बा, साधु बॉयस, इंडियन सावन और हवाएं द बैंड की शानदार प्रस्तुति

महासमुंद(विश्व परिवार)। जिले में मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने अनोखी पहल की जा रही है। फूड फेस्टिवल के माध्यम से मतदाताओं तक संदेश पहुंचाने का अनोखा आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में जिला प्रशासन द्वारा मतदाताओं के बीच ''मेरा वोट, मेरी पहचान, शत प्रतिशत करना है मतदान'' जागरूकता का संदेश पहुंचाने स्थानीय बी.टी.आई. रोड स्थित चौपाटी में तीन दिवसीय फूड फेस्टिवल 19 से 21 अप्रैल संध्या 5:00 बजे से रात्रि 10:00 बजे तक आयोजित किया जा रहा है। आज दूसरे दिन फूड फेस्टिवल में लोगों की जबरदस्त भीड़ उमड़ी। लोग कार्यक्रम का लुत्फ उठाने लाइन में खड़े होकर भीतर प्रवेश कर रहे थे। पहले दिन कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभात मलिक ने चौपाटी पहुंचकर मतदाताओं का उत्साहवर्धन किया।

धरमजयगढ़ वनमंडल अंतर्गत छाल परिक्षेत्र के कीदा परिसर में वन्यप्राणी

हाथी विचरण क्षेत्र में महुआ बीनने या अन्य किसी कार्य से न जाने हेतु दी गई समझाईश

जंगली हाथी द्वारा हुई जनहानि की घटना

शासन के नियमानुसार परिवार को तत्कालीक सहायता राशि दिया गया 25 हजार रुपये

रायगढ़(विश्व परिवार)। वन मंडलाधिकारी धरमजयगढ़ वनमंडल ने जानकारी देते हुए बताया कि 20 अप्रैल 2024 को परिक्षेत्र सहायक वृत्त बनहर अंतर्गत परिसर कीदा के ग्राम खर्रा निवासी श्री जनकराम साहू पिता बहादूर साहू, उम्र 82 वर्ष लगभग, जो कि सुबह लगभग 5.15 बजे स्थानीय नाम धान टीकरा स्थल पर महुआ बीनने जा रहा था, रास्ते में विचरण कर रहे एक नर वन्यप्राणी जंगली हाथी से आमना-सामना हो जाने के कारण मौके पर ही श्री जनक राम साहू को हाथी द्वारा दौड़ाकर उसे मार दिया, श्री जनक राम साहू के पीछे-पीछे एक ग्रामीण श्री जयपाल साहू पिता गंगाराम साहू भी जा रहा था, जो कि वन्यप्राणी जंगली हाथी को देखकर, मौका स्थल से दौड़कर गांव की तरफ भागा। ग्रामीणों के द्वारा दूरभाष के माध्यम से परिसर रक्षक कीदा श्री मनमोहन प्रताप सिंह, सूर्यवंशी वन रक्षक को उक्त घटना की सूचना दी गई। तत्पश्चात वन परिक्षेत्राधिकारी छाल एवं उप वनमंडलाधिकारी धरमजयगढ़ अपने अधीनस्थ कर्मचारियों के साथ मौका स्थल पर तत्काल पहुंचें। मौका स्थल पर स्वास्थ विभाग के अधिकारी द्वारा शव का परीक्षण किया गया, शव परीक्षण उपरांत पुलिस विभाग छाल के अधिकारी एवं उप वनमंडलाधिकारी धरमजयगढ़ के समक्ष शव को उनके परिजन को सौंपा गया। शासन के नियमानुसार मृतक के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुये उनके परिवार के बड़े पुत्रा श्री साहेब लाल साहू, उम्र 46 वर्ष को तत्कालीक सहायता राशि 25 हजार रुपये, वन परिक्षेत्राधिकारी छाल के द्वारा उप वनमंडलाधिकारी के माध्यम से दिया गया। प्रकरण में अग्रिम कार्यवाही जारी है। धरमजयगढ़ वनमंडल के छाल परिक्षेत्रा हाथी प्रभावित क्षेत्र है। विभाग द्वारा नियमित रुप से विभागीय कर्मचारी, कोटवार, ग्रामीण स्तर पर बने वाट्सअप ग्रुप, हाथी मित्रदल द्वारा वन्य प्राणी, जंगली हाथियों की गतिविधियों के बारे में ग्रामीणों को सूचना देकर सचेत किया जा रहा है। हाथी विचरण क्षेत्र में महुआ बीनने या अन्य किसी कार्य से न जाने हेतु समझाईश दिया जा रहा है।

कलेक्टर ने जिले के दोनों विधानसभा क्षेत्र के लिए इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन की कमिशनिंग कार्यों का जायजा लिया

गरियाबंद(विश्व परिवार)। भारत निर्वाचन आयोग के समय सारणी अनुसार छत्तीसगढ़ में दूसरे चरण में लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत महासमुन्द संसदीय क्षेत्र में आगामी 26 अप्रैल 2024 को मतदान होगा।गरियाबंद जिले में स्वतंत्र,निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक कुमार अग्रवाल ने गरियाबंद जिले के दोनों विधानसभा क्षेत्र के लिए इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन की कमिशनिंग कार्यों का जायजा लिया।इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन की कमिशनिंग का कार्य कृषि उपज मंडी परिसर में जिले के दोनों विधानसभा क्षेत्र के लिए बनाई गई मतगणना हाल में किया जा रहा है।राजिम एवं बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के रिटर्निंग आफिसर और अभ्यार्थियों,राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में स्ट्रांग रूम का सील विविधत खोला गया।कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक कुमार अग्रवाल ने कृषि उपज मंडी परिसर स्थित जिले के दोनों विधानसभा क्षेत्र के स्ट्रांग रूम,मतगणना स्थल,बैठक कक्ष,जिला निर्वाचन अधिकारी कक्ष,सुरक्षा व्यवस्था कक्ष,सीसीटीवी निगरानी कक्ष,सहित सभी आवश्यक व्यवस्था का अवलोकन किया।उन्हांने मतदान दल रवानगी एवं इलेक्ट्रानिंग वोटिंग मशीन वापसी और मतगणना दिवस के दिन के लिए पार्किंग व्यवस्था का अवलोकन किया और इसके लिए भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।उन्होंने बताया कि जिले के राजिम एवं बिन्द्रानवागढ़ इन दोनों विधानसभा क्षेत्र के इलेक्ट्रानिंग वोटिंग मशीनों की सुरक्षा,इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन का वितरण,मतदान दल की रवानगी,मतगणना स्थल,और मतगणना दिवस के दिन के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी,पुलिस अधीक्षक,रिटर्निंग आफिसर,जिला निर्वाचन अधिकारी की अलग-अलग बैठक व्यवस्था एवं मॉनिटरिंग कक्ष बनाएं जाएंगे। जिले के दोनों विधानसभा क्षेत्रों में 14-14 टेबल लगाकर मतदान के लिए इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन की कमिशनिंग कार्य किया जा रहा हैं। इसके माध्यम से बीयू में बैलेट पेपर लगाएं गए और पिंक पेपर से सील किया गया।व्हीव्हीपैट में ईसीआईएल के इंजिनियरों के माध्यम से सिंबॉल लोडिंग का कार्य किया गया।सभी बीयू,सीयू और व्हीव्हीपैट का सिलिंग कार्य किया जा रहा है। महासमुन्द संसदीय क्षेत्र में कुल 17 अभ्यर्थी एवं नोटा 1 कुल 18 है। विधानसभा क्षेत्र राजिम के 274 मतदान केन्द्र हैं। इन मतदान केन्द्रों के लिए 662 बैलेट यूनिट, 331 कंट्रोल यूनिट तथा 383 रिजर्व सहित व्हीव्हीपैट को सुरक्षित रखा गया है।विधानसभा क्षेत्र बिन्द्रानवागढ़ में कुल मतदान केन्द्रों की संख्या 299 हैं।इन मतदान केन्द्रों के लिए बैलेट यूनिट 722, कंट्रोल यूनिट 361 और व्हीव्हीपैट 418 रिजर्व सहित सुरक्षित रखा गया है।

अत्याधिक गर्मी को देखते हुए मतदान केन्द्रों में पूरी व्यवस्था रखें : कलेक्टर

कलेक्टर ने निर्वाचन से जुड़ी तैयारियों की समीक्षा की

कवर्धा(विश्व परिवार)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जनमेजय महोबे ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए लोकसभा संसदीय क्षेत्र राजनांदगांव के अंतर्गत कबीरधाम जिले के दोनों विधानसभा में महिला, युवा, दिव्यांग द्वारा संचालित मतदान केंद्र, आदर्श मतदान केन्द्र की मूलभूत सुविधा तथा वेब कास्टिंग के संबंध में जिले के सभी नोडल अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में मतदान केन्द्रों की स्थिति, मतदान दलों के रूट चार्ट आने-जाने का रास्ता, वेब कास्टिंग सहित निर्वाचन गतिविधियों से जुड़ी सभी महत्वपूर्ण तैयारियों पर समीक्षा हुई। कलेक्टर ने जिले के विधानसभा पंडरिया और कवर्धा विधानसभा क्षेत्र के कुल 804 मतदान केन्द्रों की व्यवस्थाओं की गहन समीक्षा की। उन्होने भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार सभी मूलभूत सुविधाओं को दुरूस्त रखने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि जिले के दोनों विधानसभा के 150 मतदान केन्द्रों में पुरूष सहित महिला मतदान अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है, इन मतदान केन्द्रों में सुरक्षित रुकने और यात्रा की उचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने इसके लिए जनपद मुख्यालय में रिजर्व वाहन रखने के निर्देश दिए। उन्होंने महिलाओं और पुरुषों के रुकने के लिए अलग-अलग कमरे और शौचालय की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि 26 अप्रैल मतदान दिवस के दिन अधिक गर्मी रहने की संभावना को देखते हुए सभी मतदान केन्द्रों में पेयजल एवं अन्य उपयोग के लिए जल पर्याप्त होना चाहिए।

स्काउट-गाईड विद्यार्थी मतदान केन्द्रों में दिव्यांग,गर्भवती माताओं एवं बुजुर्ग मतदाता का करेंगे सहयोग

गरियाबंद(विश्व परिवार)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक कुमार अग्रवाल ने आज स्वामी आत्मानंद हिन्दी माध्यम विद्यालय में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम अंतर्गत स्काउट गाईड के विद्यार्थियों से चर्चा की इस दौरान उन्होंने कहा कि आगामी 26 अप्रैल 2024 को लोकसभा का चुनाव होगा।जिसमें आप सभी लोग मतदाता मित्र की तरह मतदान केन्द्रों पर दिव्यांग,बुजुर्ग एवं गर्भवती माताओं को लाने ले जाने में सहयोग करेंगे। इस संबंध में उन्होंने स्काउट-गाईड को मतदान केन्द्रों पर किए जाने वाले कार्यों एवं सावधानियों के संबंध में जानकारी दी।श्री अग्रवाल ने लोकतंत्र में मतदान के महत्व के संबंध में विस्तार से बताया।उन्होंने स्काउटगाईड के विद्यार्थियों को मतदाताओं से मतदान करने और अपने अभिभावकों,पड़ोसियों एवं अन्य प्रियजनों को मतदान के लिए प्रेरित करने की अपील की।इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी ए.के सारस्वत,जिला परियोजना अधिकारी सारक्षर भारत बुद्धविलास सिंह सहित स्काउट-गाइड प्रभारी शिक्षक,प्राचार्य एवं स्काउट-गाईड के विद्यार्थीगण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

पीएम मोदी के कुशल नेतृत्व में देश में अभूतपूर्व बदलाव आया : भावना

कवर्धा(विश्व परिवार)। पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने शनिवार को ग्राम गैंदपुर, बाजार चारभाठा, वीरेंद्र नगर, सिंघनगढ़, मोहतरा, रमतला, पेंड्री,दलपुरवा एवं सोमनापुर में जनसंपर्क किया। उन्होंने 26 अप्रैल को होने वाले दूसरे चरण के मतदान में भारतीय जनता पार्टी को प्रचंड विजय दिलाने के लिए मतदान करने की अपील की। इस दौरान उन्होंने महतारी वंदन कार्यक्रम में महिलाओं से संवाद किया और उन्हें संबोधित कर केंद्र की मोदी सरकार और छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार द्वारा महिलाओं के सशक्तिकरण हेतु किये जा रहे कार्यों और योजनाओं की जानकारी दी। इस दौरान राजनांदगांव लोकसभा प्रत्याशी संतोष पाण्डेय भी उपस्थित थे। भावना बोहरा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश की अर्थव्यवस्था को तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने, देश को सुरक्षित रखने, आतंकवाद और नक्सलवाद को खत्म करने और देश को विकसित व आत्मनिर्भर बनाने के लक्ष्य के साथ भारतीय जनता पार्टी चुनाव लड़ रही है। इन लक्ष्यों की सिद्धि के लिए तीसरी बार प्रचंड बहुमत से नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनने जा रही है। लोकसभा चुनाव में भाजपा को आपका एक वोट छत्तीसगढ़ ही नहीं बल्कि देश के विकास और जनकल्याण की नीतियों को गति देगा। भाजपा का लक्ष्य हमेशा ही विकास और जनकल्याण का रहा है। अपने लक्ष्यों के प्रति अडिग होकर भाजपा ने हमेशा ही राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए कई ऐतिहासिक कार्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 10 वर्षों में हुए हैं। उन्होंने कहा कि 26 अप्रैल को होने वाले मतदान में आप सभी अधिक से अधिक मतदान करें और नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के संकल्प के साथ भाजपा को वोट करें।

लोकतंत्र का सम्मान करें, सबसे पहले मतदान करें

साडा कन्या स्कूल की छात्राओं ने रैली निकालकर मतदाताओं को दिया अनिवार्य मतदान का संदेश

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के मार्गदर्शन में निरंतर रूप से जारी है मतदाता जागरूकता अभियान

कोरबा(विश्व परिवार)। लोकतंत्र का सम्मान करें-सबसे पहले मतदान करें तथा छोड़कर अपने सारे काम-पहले चलो करें मतदान के उद्घोष के साथ साडा कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टी.पी.नगर कोरबा की छात्राओं ने मतदाता जागरूकता रैली में शामिल होकर मतदाताओं को अनिवार्य रूप से अपना मतदान करने का संदेश दिया। वहीं दूसरी ओर नगर पालिक निगम कोरबा के अपर आयुक्त श्री विनय मिश्रा ने मतदाताओं को मतदाता शपथ ग्रहण कराई। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अजीत वसंत के मार्गदर्शन में लोकसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। विगत चुनावों में जिन क्षेत्रों में मतदान का प्रतिशत कम रहा है, उन क्षेत्रों में मतदान प्रतिशत बढ़ाने की दिशा में विशेष फोकस रखते हुए अभियान संचालित हो रहे हैं। इसी कड़ी में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री संबित मिश्रा एवं निगम आयुक्त सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई के दिशा निर्देशन में नगर पालिक निगम कोरबा के टी.पी.नगर जोनांतर्गत साडा कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के समीपस्थ आवासीय क्षेत्र में निगम द्वारा मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया, साडा कन्या विद्यालय की छात्राओं ने रैली के माध्यम से मतदाताओं को यह संदेश दिया गया कि वे अपने मताधिकार का उपयोग अनिवार्य रूप से करें। रैली में शामिल छात्राओं ने '' लोकतंत्र का सम्मान करें-सबसे पहले मतदान करें तथा छोडकर अपने सारे काम-पहले चलो करें मतदान '' का उद्घोष करते हुए मतदान दिवस में मतदाताओं से अनिवार्य रूप से अपना मतदान करने का संदेश दिया। मतदाताओं को दिलाई गई मतदाता शपथ - निगम के अपर आयुक्त श्री विनय मिश्रा ने मतदाताओं को अपने मताधिकार का अनिवार्य रूप से उपयोग करने का संकल्प दिलाया तथा मतदाता शपथ ग्रहण कराई।

व्यापार समाचार

जोमेटो को मिला जीएसटी डिमांड नोटिस 11.81 करोड़ भरने का आदेश

नई दिल्ली(एजेंसी)। ऑनलाइन फूड डिलीवरी प्लेटफॉर्म जोमैटो को वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) डिमांड नोटिस मिला है। कंपनी को जुर्माने समेत 11.81 करोड़ रुपये का टैक्स भरने को कहा गया है। कंपनी को नोटिस में जो आदेश दिया गया है उसमें, जुलाई 2017-मार्च 2021 की अवधि के लिए 5.9 करोड़ रुपये की जीएसटी डिमांड और 5.9 करोड़ रुपये का जुर्माना शामिल है। ज़ोमैटो ने स्टॉक एक्सचेंज नियामक फाइलिंग में कहा, कंपनी को जुलाई 2017 से मार्च 2021 की अवधि के लिए गुरुग्राम स्थित केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर के एडिशनल कमिश्नर की ओर से एक आदेश प्राप्त हुआ है, जिसमें 5,90,94,889 रुपये के जुर्माने के साथ 5,90,94,889 की जीएसटी मांग की गई है। इस महीने की शुरुआत में, जोमैटो ने कहा था कि उसे 2018 में जीएसटी के 4.2 करोड़ रुपये के शॉर्ट पेमेंट पर दिल्ली और कर्नाटक के टैक्स अधिकारियों से नोटिस मिला है। कंपनी ने कहा था कि वह टैक्स डिमांड नोटिस के खिलाफ अपील करेगी। पिछले वित्तीय वर्ष की तीसरी तिमाही में जोमैटो ने 125 करोड़ रुपये का मुनाफा दर्ज किया, जो पिछले साल की समान तिमाही की तुलना में 390 करोड़ रुपये का सुधार है।

एचडीएफसी बैंक का शुद्ध मुनाफा 34 प्रतिशत बढ़ा

नई दिल्ली(एजेंसी)। निजी क्षेत्र के सबसे बड़े ऋणदाता एचडीएफसी बैंक का एकल शुद्ध मुनाफा मार्च को समाप्त तिमाही में सालाना आधार पर 37.1 प्रतिशत बढ़कर 16,512 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। तिमाही के दौरान इसकी शुद्ध ब्याज आय (एनआईआई) 24.5त्न बढ़कर 29,077 करोड़ रुपये हो गई। अपने तिमाही नंबरों की घोषणा करते हुए, एचडीएफसी बैंक ने स्नङ्ख24 के लिए प्रति शेयर ?19.5 का लाभांश भी घोषित किया। निजी क्षेत्र के ऋणदाता का कोर नेट इंटरेस्ट मार्जिन कुल संपत्ति पर 3.44त्न और ब्याज़ अर्निंग असेट के आधार पर 3.63त्न रहा। एचडीएफसी बैंक ने अपनी फाइलिंग में कहा कि अर्थव्यवस्था में ऋणों का माहौल बेहतर बना हुआ है। बैंक का सभी क्षेत्रों में क्रेडिट प्रदर्शन स्वस्थ बना हुआ है। पिछले तिमाही की तुलना जीएनपीए में 1.24त्न का सुधार हुआ है। बैंक की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार उसका नेट एनपीए नेट एडवांस का 0.33त्न रहा जो एक साल पहले 0.27त्न और दिसंबर तिमाही में 0.31त्न था। बैंका रिटर्न ऑन असेट्स यानी आरओए 0.49त्न रहा जो दिसंबर तिमाही में भी इतना ही था। वहीं, एक साल पहले यह 0.53त्न था। आंकड़े जारी करने के साथ एचडीएफसी बैंक के बोर्ड ने एक रुपए के फेस वैल्यु पर 1950 फीसदी यानी 19.5 रुपए प्रति शेयर डिविडेंड देने का भी ऐलान किया है। इसके लिए 10 मई को रिकॉर्ड डेट तय किया गया है। एजीएम की बैठक में इसपर मुहर लगने के बाद इसे निवेशकों को जारी कर दिया जाएगा। बैंक ने इससे पहले वित्तीय वर्ष 2023 में 19 रुपए का लाभांश दिया था।

एयरटेल ने पेश किया दुनिया घूमने वाले ग्राहकों के लिए किफ़ायती इंटरनेशनल रोमिंग पैक

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत के प्रमुख टेलीकॉम सर्विस प्रोवाइडर्स में से एक, भारती एयरटेल (एयरटेल) ने आज विदेश यात्रा करने वाले ग्राहकों के लिए किफ़ायती अंतरराष्ट्रीय रोमिंग पैक पेश किए हैं। नए पैक में 184 देशों तक पहुंच शामिल है और इनका टैरिफ रु 133 प्रतिदिन से शुरू होता है, जो इन्हें विदेशों में मिलने वाले लोकल सिम की तुलना में भी काफी किफ़ायती विकल्प प्रदान करते हैं। इसके अतिरिक्त, इन पैक्स के साथ बेहतर डेटा बेनिफिट्स, उड़ान के दौरान इन-फ्लाइट कनेक्टिविटी और 24×7 कॉन्टैक्ट सेंटर सपोर्ट उपलब्ध होता है। इन सुविधाओं को यथासंभव सुविधाजनक बनाने के लिए, एयरटेल ने यह भी सुनिश्चित किया है कि इन 184 देशों की यात्रा करने वाले ग्राहकों को अब विभिन्न देशों के लिए अलग-अलग पैक लेने की आवश्यकता नहीं है। उन्हें केवल अपने यात्रा की अवधि चुननी होगी और एक ही पैक के माध्यम से वे दुनिया में कहीं भी बिना किसी रुकावट के कनेक्टिविटी का आनंद ले सकते हैं। अमित त्रिपाठी - डायरेक्टर - कस्टमर एक्सपीरियंस एंड मार्केटिंग, भारती एयरटेल ने बताया, एयरटेल में, हमारा मिशन ग्राहकों की समस्याओं को हल करना और अधिक सुविधा प्रदान करना है। हमें किफ़ायती और सरल इंटरनेशनल रोमिंग पैक लॉन्च करते हुए खुशी हो रही है जो दुनिया में कहीं भी यात्रा करने वाले ग्राहकों को बिना किसी रुकावट के रोमिंग सुविधा प्रदान करेंगे। ये पैक बेहतर लाभों के साथ अधिक मूल्य प्रदान करते हैं और कई देशों में मिलने वाले लोकल सिम की तुलना में काफी किफ़ायती हैं। नया पैक क्रांतिकारी है और ग्राहकों को डेटा और वॉयस का असीमित उपयोग किफायती दामों पर प्रदान करके हमारे किफायती ऑफर को नए तरीके से पेश करता है।

रुपया ही नहीं अन्य करेंसी भी... वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बताया रुपये की कमजोरी का कारण

नई दिल्ली(एजेंसी)। डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपये में गिरावट के बारे में पूछे जाने पर केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। गुजरात के अहमदाबाद में एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि जब अमेरिकी अर्थव्यवस्था और डॉलर की स्थिति मजबूत होती है, तो उसके मुकाबले रुपये में उतार-चढ़ाव आता है। वित्त मंत्री ने कहा, इसके विपरीत, येन और यूरो के मुकाबले रुपया; हमारी आर्थिक स्थिति, विदेशी मुद्रा भंडार, मुद्रास्फीति, और आर्थिक मजबूती को देखते हुए स्थिर बना हुआ है। उन्होंने कहा कि अमेरिकी डॉलर के मुकाबले, न सिर्फ रुपया बल्कि अन्य मुद्राओं में उतार-चढ़ाव और अधिक है। वैश्विक परिवेश में अनिश्चितता बढ़ रही है। ईरान और इस्राइल के बीच तनाव बढ़ने से पश्चिम एशिया में चुनौतीपूर्ण हालात बने हैं। यही वह क्षेत्र है जहां से सिर्फ हमारी ही नहीं पूरी दुनिया का क्रूड ऑयल निकलता है, इससे ग्लोबल इकोनॉमी में उतार-चढ़ाव बढ़ा है। भारत को विनिर्माण और सेवा क्षेत्र के लिए आकर्षक गंतव्य बनाने की हो रही।

8 अंक के साथ नेपोमनियाच्ची, नाकामूरा और कारुआना भी दौड़ में कायम

टोरंटो(एजेंसी)। दुनिया के दिग्गज ग्रैंडमास्टरों के बीच 64 खानों की जंग में शनिवार को युवा भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने शानदार जीत से एकल बढ़त हासिल कर ली। यहां खेले जा रहे कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट के 13वें दौर में उन्होंने फ्रांस के फिरोजा अलीरेजा को 40 चालों में शिकस्त दे दी। बस एक दौर बचा ‑ इस तरह गुकेश अब तक के सबसे कम उम्र के विश्व चैंपियनशिप दावेदार बनने की कोशिश में जुटे हैं। अब टूर्नामेंट में बस एक दौर बचा है। चेन्नई के 17 वर्षीय गुकेश अगर कैंडिडेट्स में विजेता बनते हैं तो विश्व चैंपियन के खिताब के लिए उनकी भिड़ंत चीन के डिंग लिरेन से होगी। गुकेश का सामना अब अंतिम दौर में अमेरिका के हिकारू नाकामुरा से होगा जबकि अमेरिका के ही फैबियानो कारुआना की भिड़ंत रूस के इयान नेपोमनियाच्ची से होगी। चारों जीत के दावेदार ‑ हालांकि चार खिलाड़ियों में से कोई भी इस प्रतियोगिता को जीत सकता है, लेकिन संभावनाएं काफी हद तक गुकेश के पक्ष में हैं। उनके 8.5 अंक हैं और महज ड्रॉ भी उन्हें खिताब दिला सकता है। लेकिन बाकी तीनों के 8-8 अंक हैं, ऐसे में यह दौर बहुत रोमांचक होने की उम्मीद है। शनिवार को गुकेश को संयम से खेलने का लाभ मिला और उन्होंने मुश्किल स्थिति में अलीरेजा की अंत में की गई भूल का फायदा उठाया। नेपोमनियाच्ची और नाकामुरा ने ड्रॉ खेला। आर प्रज्ञाननंदा और विदित गुजराती छह-छह अंक से संयुक्त पांचवें स्थान पर हैं जबकि फिरोजा के 4.5 अंक और निजात अबासोव के 3.5 अंक हैं। कारुआना ने कड़े मुकाबले में प्रज्ञाननंदा को पराजित किया जबकि गुजराती ने अजरबैजान के अबासोव से ड्रॉ खेला। वैशाली की लगातार चौथी जीत ‑ महिलाओं की स्पर्धा में आर. वैशाली ने लेई टिंग्जी को पराजित किया जबकि कोनेरू हंपी ने यूक्रेन की अन्ना मुजिचुक से ड्रॉ खेला। 22 साल की वैशाली ने इस तरह अपनी पिछली चार बाजियों में लगातार जीत दर्ज की है। झोंग्यी टान ने शीर्ष वरीय रूस की एलेक्सांद्रा गोरयाचकिना से ड्रॉ खेलने के बाद अपनी निकटतम प्रतिद्वंद्वी और हमवतन लेई टिंग्जी पर पूरे एक अंक की बढ़त बनाई हुई है। बुल्गारिया की नूरगयुल सालिमोवा ने रूस की कैटरीना लाग्नो से बाजी ड्रॉ कराकर अंक बांटे। लेई 7.5 अंक लेकर दूसरे स्थान पर चल रही हैं।

खेल : हॉकी : ओलंपिक से पहले शिविर अपनी कमियां दूर करेगी हॉकी टीम

नई दिल्ली(एजेंसी)। पेरिस ओलंपिक से पहले अपनी कमियों को दूर करने के लिए हॉकी इंडिया ने रविवार को पुरुष राष्ट्रीय कोचिंग शिविर के लिए 28 सदस्यीय कोर संभावित ग्रुप की घोषणा की है। शिविर बेंगलुरु के साई केंद्र में रविवार से शुरू होकर 13 मई तक चलेगा। हरमनप्रीत सिंह की अगुआई वाली टीम को ऑस्ट्रेलिया दौरे में पांच टेस्ट मैचों की सीरीज में 0-5 हार मिली थी। उसके बाद यह यह पहला शिविर है। शिविर के बाद टीम एफआईएच प्रो लीग के अपने अगले दो चरण के लिए बेल्जियम और लंदन की यात्रा करेगी जो 22 मई से नौ जून तक होगी। इसमें उसका सामना अर्जेंटीना, बेल्जियम, जर्मनी और ब्रिटेन से होगा। मुख्य कोच क्रेग फुल्टोन ने कहा, हम शिविर में ट्रेनिंग का महत्वपूर्ण चरण शुरू करना चाहते हैं। हमें सुनिश्चित करने की जरूरत है कि ओलंपिक से पहले हम सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में हों। हमारे पास कुछ युवा खिलाड़ियों के साथ अनुभवी खिलाड़ियों का अच्छा ग्रुप है। ऑस्ट्रेलिया दौरे से हमें यह समझने में मदद मिली कि हमें कहां काम करने की जरूरत है। मेरा हमेशा मानना है कि हम अपनी कमियों पर काम कर सकते हैं। प्रो लीग के अंतिम चरण और पेरिस से पहले चीजों को ठीक करने की कोशिश कर सकते हैं।

बलराज नौकायन में पेरिस ओलंपिक का टिकट पाने वाले पहले भारतीय

नई दिल्ली(एजेंसी)। बलराज पंवार ने रविवार को दक्षिण कोरिया के चुंग्जू में विश्व एशियाई और ओसनियाई ओलंपिक एवं पैरालंपिक क्वालीफिकेशन रेगाटा में पुरुष एकल स्कल स्पर्धा में तीसरे स्थान पर रहकर भारत को नौकायन में पहला पेरिस ओलंपिक कोटा दिलाया। वह 7÷01.27 मिनट का समय निकालकर 2000 मीटर रेस में तीसरा स्थान पर रहे। हरियाणा के करनाल के पंवार ने धीमी शुरुआत के बाद दबदबा बनाया। कजाखस्तान के व्लादिस्लाव याकोवलेव (6÷59.46) ने स्वर्ण और इंडोनेशिया के मेमो मेमो ने दूसरा स्थान हासिल किया। लाइटवेट डबल स्कल्स में चूके ‑ पुरुष एकल स्कल में शीर्ष पांच नौकाचालक ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करते हैं। लाइटवेट डबल स्कल्स में देश क्वालीफाई नहीं कर सका। भारत ने पिछले टोक्यो ओलंपिक में इस स्पर्धा में हिस्सा लिया था। उज्जवल कुमार और अरविंद सिंह की भारतीय जोड़ी तीसरे स्थान पर रही जबकि इसमें शीर्ष दो जोड़ी कोटा हासिल करती हैं। भारत इस तरह 26 जुलाई से शुरू होने वाले ओलंपिक में नौकायन में एक ही स्पर्धा में हिस्सा लेगा। अर्जुन लाल और अरविंद सिंह ने टोक्यो ओलंपिक में लाइटवेट डबल स्कल में भारत का प्रतिनिधित्व किया था और वे 11वें स्थान पर रहे थे। एशियाई क्वालीफायर भी एशियाई रोइंग कप के साथ ही कराए जा रहे हैं।

हांगकांग, सिंगापुर ने दी चेतावनी, एमडीएच और एवरेस्ट मसालों में कैंसर पैदा करने वाले तत्व

नई दिल्ली(एजेंसी)। हांगकांग और सिंगापुर में खाद्य नियामकों ने लोगों को दो बड़े मसाला ब्रांडों के चार प्रोडक्ट - एमडीएच के तीन और एवरेस्ट के एक - का उपयोग करने के खिलाफ चेतावनी दी है। इसमें इथिलीन ऑक्साइड की मात्रा काफी अधिक है, जिससे कैंसर जैसी घातक बीमारी हो सकती है। इंटरनेशनल एजेंसी फॉर रिसर्च ऑन कैंसर ने एथिलीन ऑक्साइड को समूह 1 कार्सिनोजेन के रूप में क्लासीफाई किया है। 5 अप्रैल को अपनी वेबसाइट पर पोस्ट किए गए एक बयान में हांगकांग के खाद्य नियामक प्राधिकरण सेंटर फॉर फूड सेफ्टी (सीएफएस) ने कहा कि एमडीएच के तीन मसाला प्रोडक्ट - मद्रास करी पाउडर, सांभर मसाला और करी पाउडर मिश्रित मसाला पाउडर के अलावा एवरेस्ट के फिश करी मसाला में कीटनाशक, एथिलीन ऑक्साइड है। एमडीएच और एवरेस्ट फूड्स दोनों ने अभी तक खाद्य नियामकों के दावों पर कोई टिप्पणी नहीं की है। अपने नियमित जांच के तहत, सीएफएस ने हांगकांग में तीन खुदरा दुकानों से उत्पाद लिए। सीएफएस प्रवक्ता ने कहा, परीक्षण के नतीजों से पता चला कि नमूनों में कीटनाशक, एथिलीन ऑक्साइड था। नियामक ने विक्रेताओं को बिक्री रोकने और उत्पादों को हटाने का निर्देश दिया। इसमें कहा गया है कि उत्पादों को वापस मंगाना शुरू कर दिया गया है। सीएफएस प्रवक्ता ने कहा, मानव उपभोग के लिए कीटनाशक युक्त भोजन केवल तभी बेचा जा सकता है जब भोजन की खपत स्वास्थ्य के लिए खतरनाक या प्रतिकूल न हो। इसके लिए अधिकतम 50,000 डॉलर का जुर्माना और दोषी पाए जाने पर छह महीने की कैद हो सकती है। सीएफएस ने कहा कि जांच जारी है और उचित कार्रवाई की जा सकती है। उधर सिंगापुर खाद्य एजेंसी (एसएफए) ने भी एथिलीन ऑक्साइड की मात्रा निर्धारित सीमा से अधिक होने के कारण एवरेस्ट फिश करी मसाला को वापस लेने का आदेश दिया। एसएफए ने कहा, हालांकि एथिलीन ऑक्साइड के निम्न स्तर वाले खाद्य पदार्थ खाने से तत्काल कोई खतरा नहीं है, लंबे समय तक संपर्क में रहने से स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं हो सकती हैं।

हमेशा कोहली पर निर्भर नहीं रह सकते : वरुण आरोन

नई दिल्ली(एजेंसी)। पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज वरुण आरोन ने कहा है कि अब समय आ गया है जब रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के लिए भारत के घरेलू खिलाड़ी जिम्मेदारी उठाएं और विराट कोहली पर निर्भरता कम करें। कोहली इस आईपीएल में शानदार फॉर्म में सात पारियों में 361 रन बनाकर ‘ओरेंज कैप लिए हैं। इसके बावजूद उनकी टीम तालिका में सबसे नीचे दसवें स्थान पर है। आरोन ने रविवार को एक शो में कहा, अगर आपको तालिका में शीर्ष के करीब या फिर मध्य में पहुंचना है तो आपके पास ऐसे घरेलू खिलाड़ी होने चाहिए जो दमदार प्रदर्शन करें क्योंकि आप हमेशा विराट कोहली पर निर्भर नहीं हो सकते। अन्य खिलाड़ियों को भी जिम्मेदारी उठानी होगी। आप इतनी ज्यादा राशि उन खिलाड़ियों पर नहीं खर्च कर सकते जो डग आउट में ही बैठे रहें और खेलें नहीं।

शब्द सामर्थ्य -034

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं :
1. अनुचित, असत्य, जो ठीक न हो 3. बेवजह, बिनाकारण, व्यर्थ 4. हल्कीनींद, चकमा, धोखा 6. शक्कर पानी आदि का मीठा घोल 10. सोते से उठाना, सावधान करना, प्रदीप्त करना 11. चरमसीमा, सीमांत 14. पानी, आंसू 15. बैठा हुआ, विराजित 16. नृत्य 17. मृतप्राय, मृत्यु के करीब 19. जल, अम्बु 22. उपहार, भेंट 23. खबर, संदेश।

ऊपर से नीचे
1. गणपतिजी, 2. मांगनेवाला, पाने की इच्छा करने वाला 3. मिट्टी के रंग का, मटमैला 5. चला आता हुआ क्रम प्रथा, प्रणाली, रीति-रीवाज, 7. निशाचर, रात में विचरण करने वाला 8. पेड़ का धड़ा जहां से शाखाएं निकलती है, 9. मिठाई, खाने की मीठी चीज 12. शासन, गुस्सबात 13. श्रद्धा, स्त्री, जयशंकर प्रसाद द्वारा रचित प्रसिद्ध महाकाव्य 15. विपत्तिग्रस्त, दुखी, अभागा 16. प्रसिद्ध, नामवर 18. स्वप्न, ख्वाब 20. करीब, नज़दीक, समीप 21. सुबह, प्रातः, सबेरा।

1		2	■	■	■	3		
	■		■	4	5		■	■
6	7		8	■		■	■	9
■	10			■	11	12	13	
■	14		■	15				
16		■	■		■	■		■
17			18		■	19		■
	■	■		■	20	■	■	21
22				■	23			

शब्द सामर्थ्य क्रमांक 033 का हल

अ	भि	षे	क	■	प	स	■	■
जा	त	■	थ	प	थ	पा	ना	■
य	र	का	नी	■	भ्र	■	र	श्मि
ब	घा	र	■	क	ष्ट	प्र	द	■
■	त	ना	त	नी	■	र्व	■	ब
अ	■	मा	■	ज	मा	त	■	ल
स	जा	■	■	■	■	क	ज	रा
बा	■	बे	स	हा	रा	■	ग	म
ब	गु	ला	■	रा	ज	दू	त	■

सू- दोकू क्र.034

9		8		1		7		
4		6			7		5	
	3			6		8		9
		3			1		6	
5			6			9		
		9		5			3	
3			7		9			1
	5			2		3	9	
1		4			8		7	

नियम
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र.033 का हल

7	5	6	4	1	2	8	3	9
3	4	8	6	7	9	2	1	5
1	2	9	5	3	8	7	4	6
2	8	1	9	5	6	4	7	3
6	9	7	2	4	3	5	8	1
5	3	4	7	8	1	9	6	2
8	7	2	1	6	5	3	9	4
4	6	5	3	9	7	1	2	8
9	1	3	8	2	4	6	5	7

दैनिक
विश्व परिवार
महानगर
www.dvpnews.in
vishwapariwarraipur@gmail.com
रायपुर, मंगलवार 23 अप्रैल 2024

प्रधानमंत्री के प्रवास के मद्देनजर राज्यपाल ने राजभवन में ली बैठक

रायपुर (विसं)। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी 23 व 24 अप्रैल 2024 को छत्तीसगढ़ के प्रवास पर रहेंगे। वे 23 अप्रैल को राजभवन में रात्रि विश्राम करेंगे। इस सिलसिले में राज्यपाल श्री विश्वभूषण हरिचंदन ने आज राजभवन में संबंधित अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। श्री हरिचंदन ने राजभवन में प्रधानमंत्री के रात्रि विश्राम के लिए की गई तैयारियों का भी स्वयं जायजा लिया। इस अवसर पर राज्यपाल के सचिव श्री यशवंत कुमार, उप सचिव श्रीमती हिना अनिमेष नेताम एवं राजभवन के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

जैन (किशोर) परिवार में विवाहोत्सव

चि. निखिल संग सौ.का. सौम्या का मंगल परिणयोत्सव सानन्द सम्पन्न

रायपुर (विश्व परिवार)। शहर के प्रतिष्ठित किशोर परिवार के श्री कमल किशोर-श्रीमती सरोज जैन के सुपौत्र एवं आर्किटेक्ट श्री राजीव जैन-श्रीमती अलका जैन के सुपुत्र चि. निखिल का शुभ पाणिग्रहण संस्कार राजनांदगांव निवासी श्री शरद कुमार जैन-श्रीमती सुनंदा जैन की सुपुत्री सौ.कां. सौम्या के साथ गत दिवस दिनांक 17 अप्रैल 2024 दिन, बुधवार को रायपुर शहर के श्रीनगर, गुढ़ियारी स्थित मारुति मंगलम विवाह स्थल में आयोजित भव्य समारोह के मध्य सानन्द सम्पन्न हुआ।

मांगलिक कार्यक्रम अतंर्गत आयोजित आशीर्वाद समारोह में वर-वधु पक्ष के सगे-सम्बंधियों, इष्ट मित्रों, समाजसेवियों, व्यापारियों आदि ने सम्मिलित होकर नवयुगल को अपनी शुभकामनाएं भेंट कर आशीर्वाद प्रदान किया।

दैनिक विश्व परिवार, नव-दपंति के सुखी, यशस्वी, सुदीर्घ जीवन की मंगल कामना करता है।

सांस्कृतिक कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शामिल होकर मंडलों का किया सम्मान

2623 दीपो से भगवान महावीर की आरती की सकल जैन समाज ने की

रायपुर (विश्व परिवार)। श्री महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव 2024 समिति द्वारा सकल जैन समाज एक साथ मिलकर 24 वे तीर्थंकर भगवान महावीर का जन्म महोत्सव बड़े धूम धाम से धार्मिक वातावरण में श्रद्धा के साथ मनाया गया। शाम 7 बजे विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रभु महावीर सेवा सम्मान समारोह का आयोजन भी किया गया है। इस आयोजन में रात्रि 10 बजे छत्तीसगढ़ प्रदेश में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय भी शामिल हुए। महोत्सव समिति के अध्यक्ष जितेंद्र जैन गोलछा ने बताया की इस वर्ष महावीर जन्म कल्याणक का आयोजन मातृ शक्ति को समर्पित था। 15 दिवसीय महोत्सव में सकल जैन समाज की सभी महिला मंडलों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेकर सांस्कृतिक, सामाजिक सभी कार्य संपादित किए। अंतिम दिन के महोत्सव के समापन दिवस पर श्रीमद रामचंद्र आत्म तत्व रिसर्च सेंटर द्वारा रात्रि 9 बजे भगवान महावीर के जन्म के पूर्व जो 14 स्वप्न आए थे। उसी पर आधारित आज के परिपेक्ष में 14 स्वप्नों की प्रस्तुति का आयोजन किया गया था। रात्रि 11.26 को भगवान महावीर की भक्तिमय 2623 दीपो की आरती उपस्थित सभी धर्म प्रेमी बंधुओ द्वारा की गई ।जिसमे सकल जैन समाज के धर्म प्रेमी बंधु उपस्थित थे। छत्तीसगढ़ प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के साथ दक्षिण के विधायक बृजमोहन अग्रवाल, उत्तर विधान सभा के विधायक पुरंदर मिश्रा भी विशेष रूप से उपस्थित थी। महोत्सव समिति के महासचिव वीरेंद्र डागा जी ने मंच संचालक कर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का स्वागत एवं अभिनंदन महोत्सव समिति की कार्यकारणी द्वारा करवाया ।मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने अपने उद्बोधन में बताया की मैं जैन समाज का आभार व्यक्त करना चाहूंगा जिन्होंने सत्य, अहिंसा, एवं करुणा के परिचायक भगवान महावीर के जन्म कल्याणक में मुझे आमंत्रित किया। मैं पहली बार इस भारत में प्रसिद्ध जैन दादा बाड़ी में आया हु। महावीर स्वामी सत्य अहिंसा का उपदेश दिए है वो जैन धर्म के अलावा सभी जनमानस के लिए है उन उपदेशों को सभी को अंगीकार करना चाहिए ।छत्तीसगढ़ सौभाग्यशाली है। जहा डोंगरगढ़ के चंद्रगिरी तीर्थ में विश्वप्रसिद्ध आचार्य विद्यासागर महाराज जी ने समाधि ली है। जिनकी समाधि का दर्शन अभी कुछ दिन पूर्व में मैने किया है ।छत्तीसगढ़ की धरा काफी धन्य हो गई जहा इतने महान संत ने समाधि ली और एक बड़ा तीर्थ का निर्माण वहा हो रहा है जैन समाज सेवा कार्य में हमेशा आगे रहता है मैं सभी मंडलों को बधाई एवं शुभकामनाएं देता हूं।

अंत में मुख्यमंत्री जी ने जैन समाज के विभिन्न मंडलों का सम्मान किया जो पिछले कई वर्षो से विभिन्न क्षेत्रों में अपनी सेवाएं देकर जन सेवा के कार्य कर रहे है। महोत्सव समिति के कोषाध्यक्ष अमित जी मूणत एवं कार्यकारी अध्यक्ष अमर बरलोता, सदस्य महावीर कोचर द्वारा 15 दिवसीय कार्यक्रम को संपादित करने में विशेष योगदान देकर सभी व्यवस्थाएं सुचारू रूप से चलाने हेती कड़ी मेहनत की और आयोजनों को सफल बनाया।

महोत्सव के अंतिम दिन सकल जैन समाज के समस्त घटकों के ट्रस्ट एवं कार्यकारिणी के अध्यक्ष मंच पर विदेश रूप से उपस्थित थे। जिसमे ऋषभदेव मंदिर ट्रस्ट सदर बाजार, के अध्यक्ष विजय कांकरिया, श्री दिगम्बर जैन मंदिर पंचायत ट्रस्ट मालवीय रोड, रायपुर के अध्यक्ष संजय जैन नायक, श्री साधुमार्गी जैन संघ सुराना भवन, छोटा पारा, रायपुर के अध्यक्ष उदयराज पारख, श्री जैन श्वेताम्बर तेरापंथी सभा तेरापंथ अमोलक भवन, सदर, रायपुर के अध्यक्ष गौतम गोलछा, श्री सुधर्मजैन स्थानकवासी जैन श्री संघ सुधर्म महावीर भवन, नयापारा, रायपुर के अध्यक्ष प्रेमचंद गोलछा, जैन श्वेताम्बर स्थानकवासी जैन श्रमण संघीय श्रावक संघ के अध्यक्ष ललित पटवा, श्री दिगम्बर जैन खण्डेलवाल पंचायत ट्रस्ट सन्मति नगर, फाफाडीह, रायपुर अरविंद बड़जात्या, श्री कच्छी वीसा ओसवाल जैन संघ के अध्यक्ष विजय संघोई, श्री सौराष्ट्र दशाश्रीमाली वणीक मंडल के अध्यक्ष निलेश शाह, श्री सौराष्ट्र वीसाश्रीमाली जैन मित्र मंडल रायपुर के अध्यक्ष अल्पेश दोषी, श्री वर्धमान स्थानकवासी जैन गुजराती संघ के अध्यक्ष दीपक भाई दोषी, श्री साधुमार्ग शांत क्रांति जैन श्रावक संघ देवेन्द्र नगर के अध्यक्ष संतोष गोलछा, छ.ग. कच्छीदशा ओसवाल ज्ञाती संघ कुन्थुनाथ जैन, श्वेताम्बर मंदिर के अध्यक्ष चंद्रेश शाह, समरथ जैन श्रावक संघ महावीर भवन के अध्यक्ष उत्तमचंद गोलछा एवं त्रिलोक चंद बरडिया प्रकाश सुराना मनोज कोठरी विशेष रूप से उपस्थित थे।

–प्रणीत जैन

सेवा कार्य हेतु मुख्यमंत्री के कर कमलों से दिगंबर जैन सोशल ग्रुप सम्मानित

बड़े हर्ष का विषय है कि आज भगवान महावीर जन्मकल्याणक महोत्सव समिति के द्वारा दिंगबर जैन सोशल ग्रुप रायपुर को विगत पांच वर्षो के सेवाकार्य हेतु प्रभु महावीर सम्मान माननीय मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जी द्वारा प्रदान किया गया।

रायपुर प्रेस क्लब में लगा नया वाटर कूलर

भगवान महावीर के 2623वें जन्म कल्याणक के उपलक्ष्य में विमल महिला मंडल भैरव सोसाइटी ने किया भेंट

रायपुर (विश्व परिवार)। भगवान महावीर के 2623वें जन्म कल्याणक के उपलक्ष्य में विमल महिला मंडल भैरव सोसाइटी ने रायपुर प्रेस क्लब को नया वाटर कूलर भेंट किया है। वॉटर कूलर का उद्घाटन रविवार को प्रेस क्लब अध्यक्ष प्रफुल्ल ठाकुर, भगवान महावीर जन्म कल्याणक समिति के अध्यक्ष जितेंद्र गोलछा, सदस्य अमर बरलोटा, कांग्रेस नेता कन्हैया अग्रवाल, विमल महिला मंडल भैरव सोसाइटी की अध्यक्ष हर्षिता टाटिया और सदस्यों ने किया।

उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान विमल महिला मंडल की सदस्यों ने नारे व जयकारों के माध्यम से भगवान महावीर के संदेशों से अवगत कराया। रायपुर प्रेस क्लब के पदाधिकारी व सदस्यों ने विमल महिला मंडल का सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित करते हुए आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विमल महिला मंडल से प्रिया लोढ़ा, कोकिला सुराना, ममता सुराना, संगीता लुणावत, प्रीति दुग्गड़, पायल गोलछा, राजकुमारी बाफना, स्वाति बाघमार, पूजा लुणावत, प्रेस क्लब के पदाधिकारी, कार्यकारिणी मेम्बर और सदस्य बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा जी की सभा को सुनने शंकर नगर वार्ड 30 से बड़ी संख्या में पंहुचे कार्यकर्ता

रायपुर (विश्व परिवार)। प्रभु श्रीरामजी के ननिहाल चंदखूरी में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष आदरणीय श्री जगत प्रकाश नड्डा जी, लोकसभा प्रत्याशी आदर. श्री बृज मोहन अग्रवाल जी के पक्ष में आमसभा को लेकर रायपुर उत्तर विधायक श्री पुरन्दर मिश्रा जी के मार्गदर्शन में सभी शंकर नगर वार्ड 30 के समस्त जेष्ठ-श्रेष्ठ देवतुल्य कार्यकर्ता साथीगण उक्त आमसभा में अधिकाधिक संख्या में उपस्थित होकर सभा को सफल बनाया इस अवसर पर मुख्य रूप से वार्ड पार्षद सुमन राम प्रजापति, मंडल उपाध्यक्ष रामदास मानिकपुरी, वीरमणि चौबे जी, भारती यादव जी, संभु लौवंशी जी, वैभव शर्मा जी, रेखा सोनी जी प्रमुख रूप उपस्थित हुए।

साथ ही महिला शक्ति से रेखा मरावी, जे कांता, एस लता, कामम्या, ज्योति साहू, कृष्ना यादव, मनीषा यादव, तीजन यादव, तेज बाई यादव, मधु सोनी, सरोज बाघ, शांति यादव, मीना चक्रधारी, बबली महादेवा, दुर्गा यादव, रमा बाघ, उमा जगत, पुष्प सोना, युवा एवं वरिष्ठ जनो में जागेश्वर साहू, संजय यादव, जे बैरागी, खगेश्वर, कुलेश्वर, मुन्ना यादव, नितेश बाघ, लक्ष्य सोना, सेवकराम यादव, विशद राम यादव, जागेश्वर यादव, शंकर यादव, केशव, अर्जुन दास, रामाराव, बहनु यादव, बंशी, फुलू यादव, रास बिहारी, राजा, दिनेश यादव, कमल पटेल, शेखर, आइल, अनिल, आराव यादव, महेश जी सहित बड़ी संख्या में नागरिकगण उपस्तिथ हुए।

निरंतर चलाया जा रहा है 'नन्हें फरिश्ते' अभियान

वित्तीय वर्ष मार्च -24 तक 259 बच्चों की उनके परिजनों तक सकुशल वापसी

रायपुर/बिलासपुर (विश्व परिवार)। रेलवे सुरक्षा बल, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रेल यात्रियों, रेल संपत्ति की सुरक्षा के साथ ही साथ अपने सामाजिक जिम्मेदारियों का निर्वहन भी सर्वाच्च प्राथमिकता के साथ कर रही है। रेलवे सुरक्षा बल द्वारा कर्तब्यनिष्ठा से जरूरतमंद यात्रियों को सहायता प्रदान करने के साथ-साथ महिलाओं और बच्चों के लिए विशेष ध्यान देते हुए इनकी सुविधा व सुरक्षा के किए निरंतर अभियान चलाया जा रहा है।

इसी कड़ी में रेलवे सुरक्षा बल, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा अपनी जिम्मेदारियों का कुशलतापूर्वक निर्वहन करते हुए इस वर्ष मार्च' 2024 माह तक दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के क्षेत्राधिकार में ऑपरेशन नन्हें फरिश्ते के तहत घर से भागे हुये, परिजनों से बिछड़े हुये 259 नाबालिग बच्चों, जिनमें 150 बालक एवं 109 बालिकाएं शामिल थे, उन्हें विभिन्न स्टेशनों/ट्रेनों में रेसक्यू कर गैर-सरकारी संगठनों व उनके अभिभावकों को सौंपा गया।

"आत्मनिर्भर भारत" की संकल्पना को पूरा करने लगातार प्रयास कर रहे हैं मोदी जी : विजय शर्मा

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने गिनाई केंद्र सरकार की उपलब्धियां

कवर्धा (विश्व परिवार)। प्रधानमन्त्री नरेंद्र मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने व राजनांदगांव सहित 11 के 11 सीटो पर भाजपा प्रत्याशियों के लिए जीत शुनिस्चित करने के लिए लगातार मेहनत करते दिख रहे दिग्गजों में छत्तीसगढ़ उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा भी अपने विधानसभा में चुनावी सभा कर भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडे के पक्ष में लगातार ताल ठोक रहें है . सोमवार को विधायक विजय शर्मा ने खाम्ही, गांगपुर, मोहगावं दरगवां, पिपरिया सहित अनेक ग्रामो में जनसंपर्क कर सभाओं को संबोधित किया। इस दौरान छत्तीसगढ़ प्रदेश के उप- मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने सोमवार को पड़ोसी देश पाकिस्तान जिक्र करते हुए कहा कि वहां खाने के लाले पड़े हुए हैं, वहीं आज भारत में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश के 80 करोड़ लोगों को पिछले चार वर्षों से मुफ्त राशन की सुविधा दी जा रही है. विजय शर्मा भाजपा उम्मीदवार संतोष पांडे के समर्थन में एक राजनीतिक रैली को संबोधित कर रहे थे.

उन्होंने कहा भारत की तुलना में बहुत कम आबादी पाकिस्तान में है वहां खाने के लाले पड़े हैं. वहीं भारत में आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश के 80 करोड़ लोगों को पिछले चार वर्षों से मुफ्त राशन की सुविधा दी जा रही है. गरीबो के पक्के मकान बनाये जा रहे है . उन्हें बेहतर निशुल्क स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराया जा रहा है .आई आई एम, आई आई टी और मेडिकल कालेज खोले जा रहे है . यह बदलते और नए भारत की तस्वीर है.

केंद्र सरकार की उपलब्धियां...

उप-मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि अब हमें 'विकसित भारत', 'आत्मनिर्भर भारत' और 'ग्लोबल लीडर' (वैश्विक नेता) के रूप में आगे बढ़ने के लिए लोकतंत्र के महापर्व में भागीदारी सुनिश्चित करनी है, ताकि तीसरी बार फिर मोदी सरकार को देश का नेतृत्व सौंपकर ये लक्ष्य हासिल किए जा सकें.

प्रधानमंत्री मोदी नए भारत के शिल्पी के रूप में 'विकसित भारत' और 'आत्मनिर्भर भारत' की संकल्पना को पूरा करने के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं जिसके फलस्वरूप आज देश में सुरक्षा का बेहतर वातावरण है तथा 140 करोड़ देशवासियों का सम्मान और गौरव बढ़ा है. उन्होंने कहा कि वर्तमान में देश में जो परिवर्तन हो रहा है, वह अद्भुत और अभूतपूर्व है. यह परिवर्तन दुनिया के लिए कौतूहल और आश्चर्य का विषय बना हुआ है. यह प्रधानमंत्री मोदी की दूरदर्शी सोच से ही संभव हो पाया है. विजय शर्मा ने कहा कि यह सब जनता द्वारा लोकतांत्रिक मूल्यों के इस्तेमाल से संभव हो पाया है. उन्होंने बीजेपी उम्मीदवार के समर्थन में जनता से वोट मांगी.

श्रीमती नरेंदर कौर तेतरी का निधन

रायपुर (विश्व परिवार)। पत्रकार शरणजीत सिंह तेतरी की माता श्रीमती नरेंदर कौर तेतरी 75 वर्ष का आज सुबह 04.00 बजे निधन हो गया है। उनकी अंतिम यात्रा आज 22 अप्रैल को शाम 4 बजे निवास स्थान आमानाका कुकुरबेड़ा से कोटा मुक्तिधाम में किया जाएगा। अध्यक्ष प्रफुल्ल ठाकुर, महासचिव डॉ. वैभव शिव पाण्डेय, उपाध्यक्ष संदीप शुक्ला, कोषाध्यक्ष रमन हलवाई, संयुक्त सचिव तृप्ति सोनी, अरविंद सोनवानी एवं कार्यकारिणी सदस्यों सहित प्रेस क्लब के सभी सदस्यों ने गहरा दु:ख व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की है।

बिलासपुर प्रेस क्लब के पूर्व अध्यक्ष शशि कोन्हेर के निधन पर रायपुर प्रेस क्लब ने जताया शोक

रायपुर (विश्व परिवार)। बिलासपुर प्रेस क्लब के पूर्व अध्यक्ष शशिकांत कोन्हेर का 22 अप्रैल, सोमवार को निधन हो गया है। उनकी अंतिम यात्रा 23 अप्रैल को सुबह 10 बजे निवास स्थान तिलक नगर से सरकंडा मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। श्री कोन्हेर के निधन पर रायपुर प्रेस क्लब ने गहरा दु:ख व्यक्त किया है।

प्रेस क्लब अध्यक्ष प्रफुल्ल ठाकुर ने कहा कि श्री कोन्हेरे बहुत अच्छे पत्रकार होने के साथ ही बहुत अच्छे व्यक्ति भी थे। उनके निधन से पत्रकारिता बिरादरी को गहरी क्षति हुई है। श्री ठाकुर ने इस दु:ख की घड़ी में परिजनों के प्रति शोक संवेदना व्यक्त की है। प्रेस क्लब महासचिव डॉ. वैभव शिव पाण्डेय, उपाध्यक्ष संदीप शुक्ला, कोषाध्यक्ष रमन हलवाई, संयुक्त सचिव तृप्ति सोनी, अरविंद सोनवानी एवं कार्यकारिणी सदस्य भावना झा, मनीष वोरा, असगर खान, पराग मिश्रा, किशन लोखंडे, सुधीर तम्बोली, नदीम मेमन सहित प्रेस क्लब के सभी सदस्यों ने गहरा दु:ख व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की है।

पेंसिल आर्ट और पोस्टर आर्ट की बारीकियाँ सीखीं वर्धमान स्कूल की टीचर्स ने

सात दिवसीय फ्री वर्कशॉप के माध्यम से राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त हरीश जग्गी दे रहे हैं प्रशिक्षण

भागदौड़ भरे जीवन में सुकून के दो पल मिलने का माध्यम है कला- विजय चोपड़ा

रायपुर (विश्व परिवार)। रायपुर संतोषी नगर स्थित वर्धमान स्कूल में पेंसिल आर्ट और पोस्टर आर्ट को सात दिवसीय वर्कशॉप टीचर्स के लिये प्रारंभ हुई। वर्कशॉप में प्रशिक्षण दे रहे हैं जग्गी आर्ट स्टूडियो के संचालक और मणिकर्णिका आर्ट गैलरी झाँसी से अखिल भारतीय स्तर पर पुरस्कार प्राप्त प्रसिद्ध आर्टिस्ट हरीश जग्गी।

वर्कशॉप का आरंभ माँ सरस्वती की आराधना व दीप प्रज्वलित् कर किया गया।

शुभारंभ अवसर पर स्कूल के संचालक विजय चोपड़ा ने कहा कि वर्कशॉप का उद्द्येश कला ज़्यादा से ज़्यादा लोगो के बीच पहुँचे, जिसका अच्छा माध्यम टीचर्स हो सकती हैं।

श्री विजय चोपड़ा ने आगे कहा कि यदि कला को शौक़ के रूप में अपनाया जाये तो यह आज के भागदौड़ भरे जीवन में सुकून के दो पल देगी और प्रोफेशनल रूप में अपनायें तो आजीविका का अच्छा साधन बन सकती है। वर्कशॉप में प्रसिद्ध आर्टिस्ट हरीश जग्गी पेंसिल आर्ट और पोस्टर आर्ट से संबंधित पेंसिल शेडिंग, लाइन शेडिंग, ऑब्जेक्ट शेडिंग चारकोल शेडिंग, टिश्यू पेपर शेडिंग, सॉफ्ट रबर इरेज़र पेंसिल के उपयोग की बारीकियों का प्रशिक्षण दिया।

सात दिवसीय कार्यशाला में पोस्टर आर्ट का भी प्रशिक्षण जाएगा। जिसमे कलर कार्यशाला का इस्तमाल ऑइल बेस पेंसिल के इस्तमाल को सिखाया जाएगा।

प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी प्रियेश कुमार जैन द्वारा मे. विश्व परिवार इंडस्ट्रीज, प्लॉट नं.-421 सेक्टर-सी, सड़क नं.-7 उरला इंडस्ट्रीयल एरिया उरला, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं ओलंपस जिम के पीछे, सेक्टर-1, शंकर नगर रायपुर (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक : प्रदीप कुमार जैन, फोन नं. : 0771- 4017966, मो.- 9981924252 RNI.NO.CHHHIN/2013/50354